दैनिक


लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471


# अमन लेखनी



कमल हासन ने बताया अंडरवर्ल्ड....




पहले फराह की सलाह ने बदली राह...


वर्ष : 12 | अंक : 185 | लखनऊ, 29 जून, सोमवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए


## खबर संक्षेप

### छात्रा पर भड़का कोर्ट आपकी मर्जी नहीं चलेगी



**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कम हाजिरी से परीक्षा में बैठने से रोकने के विवि के फैसले को चुनौती देने वाली लॉ की छात्रा को 'लापरवाह और गैर-जिम्मेदाराना बयान देने के लिए फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा न्याय का मतलब यह नहीं कि मैं जो चाहूं और जैसे चाहूं करूं। जस्टिस विभा कंकनवाड़ी, अजित कदेथंकर की बेंच ने यह कहा।

### टायर गोदाम में आग लाखों का माल खाक



**मुंबई।** मुंबई-नासिक हाइवे पर भिवंडी के निंबावली इलाके में टायर और लकड़ी के पैलेट के गोदाम में भीषण आग लग गई। आसमान में धुएं का गुबार छा गया। गोदाम को पूरी तरह आग ने अपनी चपेट में ले लिया है। जिससे गोदाम का सामान जलकर खाक हो गया।सभी कर्मचारियों को सुरक्षित निकाल लिया। कोई हताहत नहीं हुआ है।

### अनंत अंबानी ने तिरुपति में चढ़ाए बाल



**तिरुपति।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनंत अंबानी एक बार फिर गहरी धार्मिक आस्था और सामाजिक जिम्मेदारी को लेकर चर्चा में हैं। रविवार को उन्होंने आंध्र प्रदेश के विश्व प्रसिद्ध तिरुमला श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में भगवान के दर्शन किए। पवित्र सुप्रभात सेवा में भाग लिया। पारंपरिक केश दान किया।

### अमरावती में हादसे में 5 लोगों की मौत



**अमरावती।** समृद्धि महामार्ग पर एक और हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। रविवार सुबह अमरावती के धामनगांव रेलवे तालुका में हुए इस हादसे में एक ही परिवार के 5 सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा तब हुआ जब चंद्रपुर से मुंबई जा रही वैगन-आर तेज रफ्तार ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा गई।

---

### 'मन की बात' में प्रधानमंत्री मोदी ने कई बातों का किया जिक्र

इस महीने भारत को कई उपलब्धियां मिलीं

# आज सागर से लेकर अंबर तक हमारा देश सुरक्षित और आत्मनिर्भर बना

## मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें एपिसोड में बोले

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें एपिसोड के जरिए एक बार फिर देश और दुनिया भर में बसे भारतीयों से संवाद किया। सुबह 11 बजे प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर लोगों में खास उत्साह दिखा।

यह पिछले कई वर्षों से प्रधानमंत्री और आम जनता के बीच सीधे संवाद का एक अहम माध्यम बन चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस महीने भारत ने कई ऐसी उपलब्धियां हासिल की हैं, जिन पर हर देशवासी को गर्व है। कोलकाता में आईएनएस दूनागिरी, आईएनएस संशोधक और आईएनएस अग्रय को भारतीय नौ-सेना के बेड़े में शामिल किया गया। इन जहाजों की डिजाइन और उत्पादन तक, सब कुछ स्वदेशी है। जून में ही एविएशन में भी देश ने एक बड़ी सफलता पाई। सी-295, ये विमान मेड इन इंडिया है और सी-295 विमान ने अपनी पहली उड़ान पूरी की है और ऐसे 40 विमान, भारत में ही बनाए जा रहे हैं। इससे देश सुरक्षित और आत्म निर्भर बन रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा-इस महीने भारत ने कई ऐसी उपलब्धियां हासिल की जिन पर गर्व




### सफलताएं सभी भारतीयों के सामूहिक प्रयास का परिणाम

पीएम मोदी ने कहा कि ये सफलताएं देश की आत्मनिर्भर भारत की यात्रा को और मजबूत करती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत लगातार विभिन्न क्षेत्रों में नई ऊंचाइयों को छू रहा है और देश के नागरिकों की मेहनत तथा नवाचार इसकी सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने कहा कि ये उपलब्धियां सरकार की नहीं, 140 करोड़ भारतीयों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम हैं ।

### योग ने पूरी दुनिया को जोड़ा

प्रधानमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस ने एक बार फिर पूरी दुनिया को जोड़ने का काम किया है। उन्होंने बताया कि इस बार दुनिया के 2500 से अधिक स्थानों पर योग के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जबकि भारत में करोड़ों लोगों ने योग कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

### नांदेड़ के परिवार की सराहना की

प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले के बहादुरपुरा गांव के पेठकर परिवार की सराहना की। इस परिवार ने अनोखा फैसला लिया। परिवार ने 3 हजार लोगों के लिए दुर्घटना बीमा की व्यवस्था की।

### 'हरगिला आर्मी', बर्मन के प्रयास सराहनीय

प्रधानमंत्री ने असम की 'हरगिला आर्मी' और जीव-वैज्ञानिक पूर्णिमा देवी बर्मन के प्रयासों की सराहना की। मोदी ने कहा कि असम में पाया जाने वाला दुर्लभ पक्षी 'हरगिला' प्रकृति को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण है, लेकिन लंबे समय तक इसे अशुभ माना जाता था। कई लोग उन पेड़ों को भी काट देते थे, जिन पर इस पक्षी के घोंसले बने होते थे।प्रधानमंत्री ने बताया कि जीव-वैज्ञानिक पूर्णिमा देवी बर्मन ने लोगों की इस सोच को बदलने का संकल्प लिया।

### नगालैंड की जमीनी स्तर की खेल पहलों को सराहा

प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में नगालैंड की जमीनी स्तर की खेल पहलों की सराहना की। उन्होंने कहा कि 'नगालैंड बेबी लीग' और 'नगालैंड विमेन फुटसल लीग' युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का बेहतरीन मंच प्रदान कर रही हैं। पीएम मोदी ने बताया कि 'नागालैंड बेबी लीग' की शुरुआत बच्चों को फुटबॉल से जोड़ने के लिए की गई थी।

### 'ब्रह्मकमल डोमिनिकाना' समूह को प्रेरणादायी बताया

प्रधानमंत्री ने डोमिनिकन रिपब्लिक के 'ब्रह्मकमल डोमिनिकाना' समूह की सराहना की। पीएम मोदी ने कहा कि यह पहल दुनिया भर में भारतीय संस्कृति और परंपराओं के बढ़ते प्रभाव को दर्शाती है। स्पेनिश भाषी लोगों के इस समूह के सदस्य मिलकर वैदिक साहित्य का अध्ययन कर रहे हैं और वैदिक मंत्रों का उच्चारण भी सीख रहे हैं। आज वे पुरुष सूक्तम, श्री सूक्तम, श्री रुद्रम, दुर्गा सूक्तम और देवी महात्म्यम जैसे कई मंत्रों का सटीक जाप कर रहे हैं। उनका प्रयास बेहद प्रेरणादायक है।

### सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का जिक्र किया

प्रधानमंत्री ने सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि सस्ती बीमा योजनाएं देश के करोड़ों परिवारों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान कर रही हैं। 'प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना' के तहत केवल 20 रुपए के सालाना प्रीमियम पर 2लाख रुपए तक का दुर्घटना बीमा उपलब्ध कराया जाता है। योजना से 58 करोड़ से अधिक लोग जुड़ चुके हैं। 'प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना' का भी उल्लेख किया।

---

### चढ़ावा चोरी में एसआईटी की कार्रवाई

# जेल भेजे गए आरोपियों के घर पर की छापेमारी, डिटेल खंगाला

### 8 आरोपियों के घर और प्रतिष्ठानों पर छापा



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

राम नगरी में राम जन्मभूमि परिसर के मंदिरों से चढ़ावा सहित अन्य बेशकीमती वस्तुओं की चोरी के प्रकरण में जेल भेजे गए आठों आरोपितों के घर और प्रतिष्ठानों पर रविवार को पुलिस की टीमों ने ताबड़तोड़ छापा मारा है। एसआईटी की प्रारंभिक रिपोर्ट पर 8 नामजद और एक अज्ञात सहित 9 के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। चढ़ावा सहित अन्य बेशकीमती वस्तुओं की चोरी के प्रकरण में एसआईटी के बाद अब अयोध्या पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया है। पुलिस की टीमें सबसे पहले रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू यादव के घर पहुंचीं। जांच अधिकारी सीओ आशुतोष त्रिपाठी के नेतृत्व में छापा मारने पहुंची पुलिस टीम से टिन्नू के रिश्तेदार की बहस भी हुई। अनुकल्प, लवकुश व अविनाश के के घरों पर छापे मारी की। जेल भेजे गए कुछ आरोपियों के घर पर भारी संख्या में फोर्स के साथ सुबह सात बजे से छापा मारा।

### टिन्नू के आवास पर पुलिस का छापा, अन्य जगहों पर भी तलाशी

चढ़ावा चोरी मामले में आरोपितों को जेल भेजने के साथ ही पुलिस की जांच तेज हो गई है। रविवार सुबह ही पुलिस ने टिन्नू के आवास पर छापा मारा। उसके घर पर तलाशी ली। इस अन्य आरोपितों के घर और उनके संभावित ठिकानों पर पुलिस टीमें जांच कर रही हैं। अन्य आरोपियों के घरों पर भी छानबीन की जा सकती है। पुलिस की जांच का दायरा अब बढ़ रहा है। 8 ट्रस्ट कर्मियों ने चोरी की रकम कहां निवेश की है इसका पता करने के लिए भी पुलिस इनके बैंक खातों को खंगालने की तैयारी कर रही है। काल डिटेल से इस बात का पता लगाएगी कि आरोपी किन ट्रस्टियों और बैंककर्मियों के संपर्क में थे। गबन करने के बाद आरोपितों की तरफ से किससे अधिक लेन-देन किया गया यह भी सामने आ जाएगा।

### बैंक खातों व कॉल डिटेल की छानबीन की

मंदिर व्यवस्था से जुड़े रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू के अलावा ट्रस्ट कर्मी अनुकल्प मिश्र, उसका बहनोई लवकुश मिश्र, टिन्नू का भतीजा मनीष यादव, करुणेश पांडेय, रमाशंकर मिश्र, अविनाश शुक्ल व रिटायर्ड बैंककर्मी सुभाष श्रीवास्तव शामिल हैं।जांच के बीच ही यह तथ्य उजागर हो चुके हैं कि इन लोगों ने विभिन्न जगहों पर महंगे भूखंड खरीदे हैं और अन्य मदों में निवेश किया है। बैंक खातों व काल डिटेल की की छानबीन शुरू हो

---

### बेअदबी कानून के मुद्दे पर पंजाब में बढ़ा विवाद

मुख्यमंत्री मान ने कहा

# सभी सिख विधायक व मंत्री आज अकाल तख्त के सामने पेश होंगे

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पंजाब के सीएम भगवंत मान ने रविवार को कहा कि बेअदबी कानून के मुद्दे पर सभी सिख विधायक और मंत्री 29 जून को अकाल तख्त के समक्ष पेश होंगे। मान ने अमृतसर में पार्टी विधायकों के साथ बैठक के बाद यह कहा। बैठक में अकाल तख्त के निर्देशों के मद्देनजर रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। मान ने कहा कि हमारे विधायक व मंत्री अपने विचार लिखित रूप में प्रस्तुत करेंगे। जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज ने 15 जून को सभी से बेअदमी कानून पर सवाल किए थे।

### कुछ कानूनों को हटाने की बात आई सामने

अकाल तख्त ने पहले राज्य सरकार से कहा था कि वह बेअदबी कानून से उन प्रावधानों को हटाए, जो गुरु ग्रंथ साहिब, खालसा पंथ और 'संगत' (सिख समुदाय) की भावनाओं के खिलाफ हैं।



जगत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) विधेयक, 2026 को 13 अप्रैल को पंजाब विधानसभा ने सर्वसम्मति से पारित किया था। इसमें गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी से जुड़े किसी भी कृत्य के लिए उम्रकैद सहित कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है। अन्य दलों के सिख विधायकों ने पुष्टि कर दी कि वे अकाल तख्त के समक्ष पेश होंगे।

---

### अनुसूचित जनजातियों पर लागू नहीं होगा यूसीसीः सीएम सुवेंदु



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की बीजेपी सरकार वर्तमान विधानसभा सत्र के दौरान राज्य में यूनिफ़ॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) लागू करने के लिए एक बिल लाने की योजना बना रही है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने साफ किया कि कोड में कुछ भी शेड्यूल्ड ट्राइब्स (एसटी) पर लागू नहीं होगा। समिक भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा का स्टैंड साफ है। यह पार्टी के इलेक्शन मैनिफेस्टो और राजनीतिक वादे का हिस्सा है।

---

### राहुल के कामों की आलोचना की पूर्व राष्ट्रपति प्रणब की बेटी शर्मिष्ठा ने कहा

# राजनीति 24 घंटे 365 दिन का काम, राहुल कुछ इवेंट्स के बाद लगातार गायब हो रहे

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि राहुलजमीनी स्तर पर कुछ दिन सक्रिय रहने के बाद गायब हो जाते हैं। शर्मिष्ठा ने बताया कि 2014 से, लगभग उसी समय से जब राहुल कांग्रेस के चेहरे के रूप में उभरने लगे थे, पार्टी लगातार चुनाव हारती रही है। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा का अच्छा नतीजा मिला।



### कुछ रैलियां की और फिर भागे

शर्मिष्ठा ने कहा कि अफसोस की बात है कि राहुल गांधी कुछ इवेंट्स करते हैं और फिर गायब हो जाते हैं। राजनीति 24 घंटे, 365 दिन का काम है। आप आते हैं और फिर 2 दिन बाद चले जाते हैं। आप कुछ रैलियां करते हैं और फिर चले जाते हैं। तो, मेरे हिसाब से राजनीति ऐसी नहीं होती।

### दिल्ली में लगे राहुल के 'गुमशुदा' वाले पोस्टर



दिल्ली में कई जगहों पर राहुल गांधी के खिलाफ पोस्टर लगे हुए दिखाई दिए। ये मंडी हाउस, आईटीओ आदि इलाकों में लगे हुए थे। बड़े शब्दों में लिखा था- गुमशुदा। भाजपा के शहजाद पूनावाला ने सवाल उठाए थे।

---

### बेंगलुरु में 'नशा मुक्त भारत सम्मेलन' को संबोधित किया

# उपराष्ट्रपति : नशा-मुक्त भारत बनाने के लिए लोगों का सामूहिक प्रयास जरूरी

## नशा उत्पादकता, परिवार कल्याण और विकास में बाधक

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने शिक्षण संस्थानों, परिवारों, स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों तथा कानून लागू कराने वाली एजेंसियों से नशा-मुक्त भारत बनाने के लिए मिलकर काम करने का रविवार को आह्वान किया। उन्होंने कहा यह अभियान सभी शैक्षणिक परिसरों, शहरों और पूरे देश में चलाया जाना चाहिए।बेंगलुरु में राजीव गांधी स्वास्थ्य विज्ञान विवि के स्थापना दिवस समारोह और 'नशा मुक्त भारत सम्मेलन' में राधाकृष्णन ने कहा कि मादक पदार्थों का सेवन न केवल व्यक्ति की सेहत के लिए, बल्कि शिक्षा, उत्पादकता, परिवार कल्याण का नाशक है।

### खात्मे के लिए इच्छाशक्ति को अहम बताया

उन्होंने कहा कि नशा मुक्त भारत का दृष्टिकोण सिर्फ मादक पदार्थों का न होना नहीं है। स्वस्थ विकल्प, सोच-समझकर लिए गए फैसले, सहयोगी परिवार और मजबूत समुदाय।



उपराष्ट्रपति ने कहा कि विश्वविद्यालय ने स्वास्थ्य शिक्षा को मजबूत करने और स्वास्थ्य सेवा पेशेवर तैयार करने में अहम है। छात्र उपचार, जन-जागरूकता, नीति-समर्थन और साक्ष्य-आधारित समाधानों के जरिए मादक पदार्थों के खतरे से निपटने की कोशिशों में अगुवाई करेंगे।

---

### पेपर लीक और परीक्षा प्रणाली में सुधार की मांग

# जंतर-मंतर पर भूख हड़ताल पर बैठे वांगचुक-प्रधान इस्तीफा दें

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

दिल्ली के जंतर मंतर पर नीट पेपर लीक, परीक्षा प्रणाली में सुधार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का आंदोलन लगातार 9वें दिन भी जारी है। इस प्रदर्शन में हर दिन नए घटनाक्रम सामने आए हैं। पुलिस के साथ कई बार नोकझोंक हुई, सुविधाओं को लेकर आरोप लगे और अब सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक भी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। भूख हड़ताल शुरू करने से पहले उन्होंने अभिजीत दीपके के साथ राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। हरियाणा की खाप पंचायतों के प्रतिनिधि भी प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे।

### 20 जून से शुरू हुए इस प्रदर्शन में हर दिन नए घटनाक्रम सामने आ रहे

### बिजली पानी को लेकर बढ़ा विवाद

आंदोलन के दौरान अभिजीत दीपके ने आरोप लगाया कि कुछ समय के लिए धरनास्थल पर बिजली और पानी की आपूर्ति रोक दी गई थी। हालांकि बाद में दोनों सेवाएं बहाल कर दी गईं। इस घटना के बाद प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन पर आंदोलन को कमजोर करने का आरोप लगाया।



### जब तक मांगें नहीं पूरी होंगी, धरना देंगे

सीजेपी नीट पेपर लीक की निष्पक्ष जांच, परीक्षा प्रणाली में सुधार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर आंदोलन कर रही है। जब तक उनकी प्रमुख मांगें पूरी नहीं होंगी, जंतर मंतर से धरना समाप्त नहीं किया जाएगा।

### 20 जून से शुरू हुआ प्रदर्शन

दिल्ली पुलिस से अनुमति मिलने के बाद 20 जून को दीपके समर्थकों के साथ जंतर मंतर पहुंचे। छात्र हाथों में पोस्टर और थाली चम्मच लेकर शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही की मांग करते नजर आए। अनुमति अवधि समाप्त होने के बाद पुलिस ने प्रदर्शन खत्म करने को कहा, लेकिन नहीं उठे।

# भरत तिवारी एनकाउंटर के विरोध में मोहनलालगंज में कैंडल मार्च, पुलिस कार्रवाई पर उठे सवाल

**पत्रकारों, अधिवक्ताओं, व्यापारियों और सामाजिक संगठनों ने निकाला विशाल कैंडल मार्च, निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की उठाई मांग***

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। बिहार के भोजपुर जनपद के शाहपुर थाना क्षेत्र स्थित बिलौटी गांव निवासी समाजसेवी भरत भूषण तिवारी की 16 जून को हुई संदिग्ध मौत के विरोध में रविवार शाम मोहनलालगंज कस्बे में जनाक्रोश दिखाई दिया। निगोहां प्रेस क्लब के बैनर तले निकाले गए विशाल कैंडल मार्च में पत्रकारों, अधिवक्ताओं, व्यापारियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। हाथों में मोमबत्तियां और न्याय की मांग संबंधी तख्तियां लिए लोगों ने शांतिपूर्वक मार्च निकालते हुए दिवंगत समाजसेवी को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की।

वक्ताओं ने कहा कि भरत भूषण तिवारी समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए गरीबों, जरूरतमंदों और आमजन के हितों के लिए निरंतर कार्य करते रहे। उनका कहना था कि 16 जून को पुलिस कार्रवाई के दौरान हुई उनकी संदिग्ध मौत ने पूरे देश के सामाजिक संगठनों, पत्रकारों और आम नागरिकों को झकझोर दिया है। ऐसे गंभीर मामले में पारदर्शी एवं निष्पक्ष जांच कर दोषियों को कानून के दायरे में लाना आवश्यक है, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके और कानून के प्रति लोगों का विश्वास बना रहे।




कैंडल मार्च के दौरान वक्ताओं ने आरोप लगाया कि देशभर में लगातार हो रहे धरना-प्रदर्शनों और जनआंदोलनों के दबाव के बाद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा तो दर्ज किया गया लेकिन अब तक सभी जिम्मेदार लोगों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी उन्होंने मांग की कि मामले की जांच किसी स्वतंत्र एवं निष्पक्ष एजेंसी से कराई जाए तथा दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कैंडल मार्च की शुरूआत कस्बे के कलवीर बाबा मंदिर परिसर से हुई। शांतिपूर्ण ढंग से निकला यह मार्च कस्बे के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचा, जहां सभी उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की पूरे मार्ग में ₹भरत भूषण तिवारी को न्याय दो₹ और ₹दोषियों को कड़ी सजा दो₹ जैसे नारों के साथ लोगों ने अपनी मांग बुलंद की निगोहां प्रेस क्लब संरक्षक मुकेश द्विवेदी ने सभा को संबोधित करते हुए स्पष्ट कहा कि यदि समय रहते दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि न्याय मिलने तक यह संघर्ष निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए मोहनलालगंज पुलिस पूरे समय मुस्तैद रही पुलिस बल ने कैंडल मार्च के पूरे रूट पर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था संभालते हुए कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया। इस अवसर पर श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह, मोहनलालगंज बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री ललित मिश्रा, मान्यता प्राप्त पत्रकार योगेंद्र तिवारी, निगोहां प्रेस क्लब के संरक्षक मुकेश द्विवेदी, अध्यक्ष विमल सिंह, वरिष्ठ पत्रकार ललित दीक्षित, सरोज यादव, नवीन वर्मा, कृष्ण गोपाल मिश्रा, सनी पांडे, अनुराग तिवारी, अवनीश पांडे, राघवेंद्र सिंह, मुकेश मिश्रा, उमेश गुप्ता, सतेंद्र मिश्रा, सौरभ सिंह, सुजीत गुप्ता, आयुष द्विवेदी, अक्षत मिश्रा, हेरम दीक्षित, सत्यम सिंह, शिवांश सैनी, वंश वर्मा, शनि शुक्ला, विवेक अवस्थी, विशाल शुक्ला, सत्यम मिश्रा, रमेश द्विवेदी, सिसेंडी व्यापार मंडल के अध्यक्ष इमरान खान, महामंत्री वीरेंद्र शुक्ला 'सोनू', शिक्षामित्र संघ नेता प्रदीप सिंह, हामिद, संतोष बाथम, समाजसेवी मुरारी सिंह राठौड़, पुष्पराज सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में पत्रकार, अधिवक्ता, व्यापारी, समाजसेवी एवं युवा मौजूद रहे।

# 13 करोड़ रुपये मूल्य की सरकारी भूमि अतिक्रमण मुक्त

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर तहसील प्रशासन ने सरकारी जमीनों पर जारी अवैध कब्जे को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को बिजनौर थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 13 करोड़ रुपये मूल्य की सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करा लिया। यह कार्रवाई अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) न्यायालय द्वारा 8 जून 2026 को पारित बेदखली आदेश के अनुपालन में की गई। सरोजनीनगर एसडीएम अंकित शुक्ला के निर्देश पर तहसीलदार सुखवीर सिंह के नेतृत्व में राजस्व विभाग और नगर निगम की संयुक्त टीम ने शनिवार को यह कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार अनूप श्रीवास्तव, राजस्व निरीक्षक प्रेम प्रकाश पाण्डेय, लेखपाल आलोक वर्मा व नगर निगम के अधिकारी / कर्मचारी और बिजनौर पुलिस व पीएसी बल भी मौके पर मौजूद रहा। अधिकारियों के मुताबिक बिजनौर स्थित गाटा संख्या 315 की तालाब भूमि, गाटा संख्या 401 की पुरानी परती, गाटा संख्या 406 व 378 की ऊसर भूमि और गाटा संख्या 490 की बंजर भूमि पर अवैध रूप से बाउंड्री वॉल बनाकर प्लाटिंग की गई थी। जिसे जेसीबी मशीनों की मदद से ध्वस्त कर दिया गया। हालांकि कार्रवाई के दौरान कुछ स्थानीय लोगों ने विरोध भी किया, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस और पीएसी फोर्स के आगे वह कुछ ना कर सके। अधिकारियों ने बताया कि कुल 1.360 हेक्टेयर सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है। जिसकी बाजार कीमत करीब 13 करोड रुपए आंकी गई है। उधर अतिक्रमण हटाए जाने के बाद नगर निगम को भूमि की सुरक्षा के लिए तारबाड़ कराने के निर्देश दिए गए, जिससे कि भविष्य में दोबारा कब्जे की स्थिति न बन सके।

# नियमित ट्रेनों में पैर रखने की जगह नहीं, स्पेशल ट्रेनों में सीटें खालीं

क
ख
ग
ए
क
ल
।

# मन की बात के 135वें संस्करण का सामूहिक श्रवण, नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का हुआ स्वागत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सरोज कुशवाहा ने दायित्व ग्रहण करने के बाद रविवार को पूर्वी मंडल-3 के विवेकानंद पुरी वार्ड स्थित बूथ संख्या 312 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें संस्करण का सामूहिक श्रवण किया। कार्यक्रम का आयोजन मंडल अध्यक्ष रीना चौरसिया के सहयोग से किया गया, जिसमें पूर्वी विधानसभा के विधायक ओपी श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर महिला मोर्चा की कार्यकताओं ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सरोज कुशवाहा का पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरोज कुशवाहा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें महिलाओं को एक सूत्र में जोड़ने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, जिसका वह पूर्ण



निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की प्रत्येक महिला कार्यकर्ता उनका परिवार है और प्रदेश व केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना महिला मोर्चा का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने सभी महिला कार्यकताओं से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला मोर्चा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय भाजपा नेता उपस्थित रहे।

# लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी का जीवन जनसेवा, न्याय और संस्कृति संरक्षण की अमर प्रेरणा : केशव प्रसाद मौर्य

## गाजियाबाद में उप मुख्यमंत्री ने किया लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी स्मृति द्वार का शिलान्यास

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज जनपद गाजियाबाद में 'लोकमाता' अहिल्याबाई होल्कर जी की 301वीं जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने लोनी बॉर्डर, बस डिपो के निकट विधायक निधि योजना के अंतर्गत निर्मित होने वाले 'लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी स्मृति द्वार' का शिलान्यास किया तथा 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण भी किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी ने अपने आदर्श शासन, न्यायप्रिय व्यवस्था, लोककल्याणकारी कार्यों और भारतीय संस्कृति के संरक्षण के माध्यम से इतिहास में अमिट छाप छोड़ी है।




उन्होंने अनेक धर्मस्थलों के संरक्षण एवं पुनर्निर्माण का कार्य किया तथा जनसेवा को अपने जीवन का मूल मंत्र बनाया। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी के महान योगदान को अपेक्षित सम्मान नहीं मिला, लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद महान विभूतियों के योगदान को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया गया। उनकी 300वीं जयंती का आयोजन पूरे देश और प्रदेश में श्रद्धा एवं गौरव के साथ किया गया। श्री मौर्य ने कहा कि आज पूरा देश और प्रदेश लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी को नमन कर रहा है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिनंदन करते हुए कहा कि उनकी प्रेरणा से भारतीय संस्कृति, परंपराओं और महान व्यक्तित्वों को सम्मान देने का कार्य निरंतर हो रहा है। उन्होंने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी का जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उनके आदर्शों पर चलते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और कल्याण पहुंचाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकताओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि विधायक नन्द किशोर गुर्जर निरंतर क्षेत्र के विकास और जनसेवा के लिए समर्पित होकर कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर मा. सांसद अतुल गर्ग, विधायक नन्द किशोर गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष चैनपाल सिंह, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, ब्लॉक प्रमुख कोमल गुर्जर, पार्षदगण, बीडीसी सदस्य, जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# बदमाशों ने चालक को बंधक बनाकर पिकअप वाहन लूटा

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में रहने वाले एक पिकअप वाहन मालिक ने दो बदमाशों द्वारा शनिवार देर रात पिकअप वाहन लूट ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसका कहना है कि बदमाशों ने चालक को बंधक बनाकर डाल दिया और उसकी पिकअप वाहन लेकर फरार हो गए। बंथरा के लोनहा निवासी ओमशंकर के मुताबिक उनका पिकअप वाहन (यूपी 32 जेडएन 1754) उन्नाव जिले के अजगैन थाना अंतर्गत दीना खेड़ा अतरसा निवासी कमलेश चलता है। उनका कहना है कि शनिवार रात करीब 10:45 बजे कमलेश अपनी पिकअप वाहन में बंथरा के नीवां स्थित विलिंकिट कंपनी से माल लोड कर कानपुर जा रहा था। इसी दौरान बंथरा के बनी - मोहनलालगंज रोड पर मेमौरा छावनी स्थित वायुसेना गेट के पास दो अज्ञात लोगों ने उसका पिकअप वाहन रुकवाया और जबरन गाड़ी में घुस गए। बाद में बदमाशों ने जिन्दल फार्म हाउस के पास चालक कमलेश को बांधकर सड़ककिनारे छोड़ दिया और उसका पिकअप वाहन लेकर खसरवारा होते हुए गोमापुर के रास्ते फरार हो गए। बाद में पीड़ित पिकअप चालक कमलेश ने घटना की सूचना अपने मालिक ओम शंकर को दी। इसके बाद ओम शंकर ने मामले की तहरीर बंथरा थाने में दी। फिलहाल ओम शंकर की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। वहीं इस मामले में बंथरा प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश सिंह ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और सीसीटीवी कैमरों के सहारे घटना की जांच पड़ताल करने के साथ बदमाशों और पिकअप वाहन का पता लगाया जा रहा है।

# स्काई हिल्टन के पास बन रहे स्थायी वेंडिंग जोन का जनता ने किया भरपूर समर्थन, इसके निर्माण के पक्ष में चलाया व्यापक हस्ताक्षर अभियान

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। लखनऊ नगर निगम जोन 8 के अंतर्गत कानपुर रोड योजना के समीप स्काई हिल्टन होटल के सामने लखनऊ नगर निगम द्वारा बनाये जा रहे स्थायी वेंडिंग जोन के निर्माण के पक्ष में सैकड़ों लोग उतरे और वेंडिंग जोन निर्माण स्थल पर पहुंचकर इस स्थायी वेंडिंग जोन का भरपूर समर्थन करते हुए इसके पक्ष में व्यापक हस्ताक्षर अभियान चलाया। भारी संख्या में मौजूद क्षेत्रवासियों ने इसे लखनऊ नगर निगम की एक अनूठी पहल बताते हुए इस बात पर खुशी जाहिर की कि देश के अन्य कई नगर निगम की भांति लखनऊ नगर निगम ने भी रेहड़ी पटरी दुकानदारों को आए दिन होने वाली समस्या से बचाते हुए उन्हें एक स्थायी वेंडिंग जोन प्रदान करने के दिशा में जो कदम उठाया है, वह बहुत ही प्रशंसनीय है। इस वेंडिंग




जोन के समर्थन में आए लोगों ने उन लोगों पर सीधा निशाना साधा, जो लोग इस स्थायी वेंडिंग जोन के निर्माण में बाधा बन रहे हैं। बताते चलें कि समर्थन में आए हुए लोगों का बड़ा आरोप है कि कुछ ऐसे लोग, जो रेहड़ी पटरी दुकानदारों से अवैध वसूली करते थे, उन्हें इस स्थायी वेंडिंग जोन का निर्माण सिर्फ इसलिए पसंद नहीं आ रहा है, क्योंकि उनकी अवैध कमाई के सारे रास्ते अब बंद हो जाएंगे। लोगों ने आरोप लगाया की इस वेंडिंग जोन के निर्माण को रोके जाने के लिए जो चंद लोग बार-बार इसके निर्माण में बाधा डालने का प्रयास कर रहे हैं, उनके किसी भी गलत मंसूबे को साकार नहीं होने दिया जाएगा। हस्ताक्षर अभियान के दौरान लोगों ने कहा कि यह स्थायी वेंडिंग जोन लखनऊ नगर निगम की महापौर सुषमा खारवाल की दूरदर्शिता का परिणाम है। लोगों का कहा कि उन्हें इस बात की बेहद खुशी है कि महापौर सुषमा खर्कवाल ने रेहड़ी-पटरी दुकानदारों की सुविधा के बारे में सोचा और रेहड़ी-पटरी दुकानदारों को आए दिन होने वाली समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए ऐसे स्थायी वेंडिंग जोन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाया। मौजूद लोगों ने कहा कि गरीब जनता को रोजी-रोटी मिलने की दिशा में निर्माण होने वाले ऐसे स्थायी वेंडिंग जोन को रोकने का प्रयास करने वाले लोग अब अपनी काली कमाई को लेकर चिंतित हैं और इस वेंडिंग जोन के निर्माण को रोकने के लिए उन्होंने विपक्षी दलों का भी सहारा लिया है। लोगों का कहना है कि भाजपा की जनहित की नीतियों से सभी विपक्षी दल परेशान हैं और हर विकास कार्य में बाधा उत्पन्न करना विपक्षी दलों का काम है। लोगों ने खुलकर कहा कि इस स्थायी वेंडिंग जोन के निर्माण को रोकने के लिए जहां एक तरफ वे लोग परेशान हैं, जिनकी काली कमाई अब बंद हो गई है, वहीं दूसरी तरफ अन्य विपक्षी दल भाजपा की विकास नीतियों को आगे नहीं बढ़ने देना चाह रहे हैं। स्थानीय लोगों ने भारतीय जनता पार्टी पर भरोसा जताते हुए यह कहा कि इस वेंडिंग जोन के निर्माण में पूरा क्षेत्र भारतीय जनता पार्टी एवं लखनऊ नगर निगम के साथ हैं। लोगों ने विश्वास जताया कि इस वेंडिंग जोन के निर्माण से अनेकों लोगों की रोजी-रोटी का उचित और नियमित प्रबंध होगा।

# मैगी बनाते समय सिलेंडर में लगी आग, महिला झुलसी; गृहस्थी का सामान जलकर राख

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई थाना क्षेत्र के तेलीबाग स्थित कुम्हार मंडी में रविवार शाम गैस सिलेंडर में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। हादसे में घर का अधिकांश गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। आग की चपेट में आने से गृहस्वामी मदन यादव की पत्नी राधा यादव भी झुलस गईं। हालांकि उन्हें गंभीर चोट नहीं आई और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, रविवार शाम करीब छह बजे राधा यादव घर में मैगी बना रही थीं। इसी दौरान अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। परिवार के लोग किसी तरह बाहर निकले और स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही एसीपी गोसाईगंज ऋषभ यादव और पीजीआई इंस्पेक्टर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। दमकल विभाग की दो गाड़ियों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग में घर में रखा फर्नीचर, कपड़े, बर्तन सहित अन्य गृहस्थी का सामान जलकर नष्ट हो गया। समय रहते आग बुझा लिए जाने से बड़ा हादसा टल गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पार्षद के. एन. सिंह भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार का हालचाल जाना और हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। पुलिस और दमकल विभाग आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं।

# मलिहाबाद को चाहिए विकास की नई दिशा: संतोष सिंह

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद स्थित सांस्कृतिक गौरव संस्थान कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में संस्थान के लखनऊ जिलाध्यक्ष संतोष सिंह-तिलन ने मलिहाबाद विधानसभा के समग्र विकास का खाका प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र को ऐसा नेतृत्व चाहिए जो जाति, धर्म और राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर विकास को प्राथमिकता दे तथा समाज को जोड़ने का कार्य करे।

उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि, सिंचाई और महिला सशक्तिकरण जैसे मुद्दों पर गंभीरता से काम करने की आवश्यकता है। क्षेत्र में राजकीय महिला डिग्री कॉलेज, आधुनिक सरकारी अस्पताल, कौशल विकास केंद्र, पुस्तकालय, खेल मैदान तथा डिजिटल सुविधाओं के विस्तार की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि



इससे युवाओं और महिलाओं को बेहतर अवसर मिलेंगे।

संतोष सिंह-तिलन ने मलिहाबाद की पहचान आम उत्पादन से जुड़ी होने का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां मैंगो प्रोसेसिंग, जूस, पल्प, जैम, अचार, कैंडी और अन्य मूल्यवर्धित उत्पादों के उद्योग स्थापित किए जाने चाहिए। इससे किसानों की आय बढ़ेगी और स्थानीय युवाओं व महिलाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने आम उत्पादकों के लिए निर्यात, प्रसंस्करण और विपणन सुविधाओं को भी मजबूत करने की जरूरत बताई।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 और 2022 में मलिहाबाद से विधायक पद के प्रत्याशी रहे जगदीश रावत समय-समय पर शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान और युवाओं से जुड़े मुद्दों को उठाते रहे हैं। साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में हुए विकास कार्यों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि जनहित, सामाजिक समरसता और विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि सामूहिक प्रयासों से मलिहाबाद को विकास और आत्मनिर्भरता का आदर्श मॉडल बनाया जा सकता है।

# 50 गांवों को जोड़कर विकसित होगा हाईटेक हाथरस अर्बन सेंटर

## औद्योगिक मैन्युफैक्चरिंग हब बनेगा, 'मास्टर प्लान 2041' पर काम शुरू

अमन लेखनी समाचार

- 10 हजार एकड़ में बसेगा हाईटेक शहर, नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से भी होगा कनेक्ट
- 'हींग और गुलाल' समेत स्थानीय एमएसएमई उद्योगों को मिलेगा वैश्विक मंच

**ग्रेटर नोएडा/हाथरस।** योगी सरकार में उत्तर प्रदेश के एक और जिले व उसके कई गांवों को हाईटेक शहर बनाने की तैयारी चल रही है। यह जल्द ही इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरिंग हब बनने के साथ लाखों रोजगार पैदा करने वाला डेस्टिनेशन बनकर उभरेगा। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास की गति को और तेज करते हुए यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने एक बेहद महत्वाकांक्षी ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर दिया है। यमुना एक्सप्रेसवे के फेज-2 विकास के तहत 'महायोजना/मास्टर प्लान 2041' के अंतर्गत 'हाथरस अर्बन सेंटर' को एक हाई-टेक औद्योगिक और आवासीय सैटेलाइट टाउन के रूप में डिजाइन किया जा रहा है।

यीडा की ओर से विकसित किए जा रहे चार मुख्य अर्बन नोड्स (अलीगढ़, मथुरा, आगरा और हाथरस) में से हाथरस को विशेष तौर पर एक प्रमुख इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में चुना गया है। इस मेगा प्रोजेक्ट के लिए हाथरस और सासनी तहसील के कुल 50 से अधिक गांवों को अधिसूचित किया गया है, जिसका कुल क्षेत्रफल लगभग 4 हजार हेक्टेयर (करीब 10 हजार एकड़) होगा। इस अत्याधुनिक शहर के नियोजन के लिए कंसल्टेंट कंपनी 'आरवी इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स लिमिटेड' को नियुक्त किया गया है, जो जियोग्राफिक इंफॉर्मेशन सिस्टम (जीआईएस) तकनीक पर आधारित नक्शे से इसका सुनियोजित विकास सुनिश्चित कर रही है। मास्टर प्लान 2041 के तहत इस अर्बन सेंटर को चार श्रेणियों में विभाजित किया गया है। पहला औद्योगिक जोन, इस विशाल भूभाग का मुख्य ध्यान फैक्ट्रियों और भारी विनिर्माण इकाइयों पर केंद्रित होगा।

दूसरा आवासीय क्षेत्र, यहां काम करने वाले लोगों के लिए आधुनिक सोसाइटी, फ्लैट्स और किफायती आवास विकसित किए जाएंगे। तीसरा कमर्शियल और लॉजिस्टिक्स हब जो व्यापारिक गतिविधियों के लिए मॉल, कमर्शियल टावर, होटल्स और विशाल वेयरहाउस के लिए विशेष स्थान आरक्षित हैं। चौथा ग्रीन बेल्ट, जहां पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए कुल योजना क्षेत्र का 15 प्रतिशत से अधिक हिस्सा पूरी तहत हरित और खुले क्षेत्र के रूप में संरक्षित रहेगा। प्रस्तावित हाथरस अर्बन सेंटर की भौगोलिक स्थिति इसकी सबसे बड़ी ताकत है। यह नया शहर सीधे नोएडा (जेवर) अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के कैचमेंट एरिया में आता है, जिसके लिए यीडा एक एक्सप्रेस-रोड नेटवर्क विकसित कर रहा है। इसके साथ ही यह क्षेत्र यमुना एक्सप्रेसवे के काफी करीब है और नेशनल हाईवे-93 (आगरा-अलीगढ़), बरेली-मथुरा हाईवे तथा स्टेट हाईवे-33 से बेहतर रूप से जुड़ा हुआ है। इसे आगरा के एक 'सैटेलाइट टाउन' के रूप में देखा जा रहा है, जिससे ताजनगरी का औद्योगिक दबाव भी कम होगा।

हाथरस में वर्तमान में सक्रिय 10 हजार से अधिक पंजीकृत एमएसएमई इकाइयों को इस सेंटर में विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान किया जाएगा। एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओडी) के तहत हाथरस की विश्वप्रसिद्ध हींग और गुलाल उद्योग को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पैकेजिंग और एक्सपोर्ट हब की सुविधाएं मिलेंगी। वहीं कृषि और फूड प्रोसेसिंग क्षेत्र को भी फायदा होगा, जिसके तहत ब्रज क्षेत्र की कृषि प्रधानता को देखते हुए यहां बड़े कोल्ड स्टोरेज, फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स और डेयरी प्लांट्स को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही रेडीमेड गारमेंट्स (होजरी), ग्लास बीड्स (कांच के मोती), पीतल के आभूषण (पायल), मशीन टूल्स और इलेक्ट्रिक वाहनों के कलपुर्जों के लिए विशेष ब्लॉक बनाए जाएंगे। अगले चरण में एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग जैसे मेडिकल-सर्जिकल उपकरण और पावर ग्रिड मशीनरी बनाने वाली वैश्विक कंपनियों को भी आमंत्रित किया जाएगा।

प्राधिकरण के अनुसार इस महायोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) और भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेजी से शुरू कर दी गई है। इस परियोजना के धरातल पर उतरने से न केवल क्षेत्र की आर्थिक तस्वीर बदलेगी, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए लाखों की संख्या में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के नए अवसरों का सृजन होगा।

## संक्षेप

### अनियंत्रित कार पलटी चार बच्चों समेत एक परिवार के तीन लोग घायल




अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में गंगा एक्सप्रेसवे पर चालक को झपकी लगने से एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई हादसे के बाद घायलों को हरदोई क्षेत्र के अस्पताल भेजा गया। चालक अनिरुद्ध निगम पुत्र अनमान निगम निवासी बुद्धेश्वर लखनऊ 42 वर्षीय पत्नी सविता, बहन वंदना 52 वर्ष ,दो बच्चे अवनीत व अन्वी दोनों जुड़वा 5 वर्ष तथा नंदनी 9 वर्ष पुत्री जितेंद्र यह सभी लोग कार द्वारा मेरठ से लखनऊ जा रहे थे तभी रविवार को सुबह करीब 6:20 बजे बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में गंगा एक्सप्रेसवे पर गांव सबलिखेड़ा के निकट चालक को झपकी लगने से कार अनियंत्रित होकर किनारे लगे लोहे के एंगल से टकराकर पलट गई जिससे सवार सभी घायल हो गए घटना के बाद हाइवे कर्मियों के सहयोग से सभी को हरदोई क्षेत्र के मल्लावां अस्पताल भेजा गया है जहाँ पर सभी की हालत स्थिर बताई जा रही है।घटना के बाद हाइवे टीम ने घटनास्थल का रेस्क्यू कर कार को सुरक्षित स्थान पर खड़ी कराया। थानेदार राजकुमार ने बताया है कार हादसे का शिकार हुई थी घायलों को मल्लावां भेज दिया गया है।

### पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

#### जिलाधिकारी ने फीता काटकर की शुरूआत, बच्चों को पिलाई खुराक

अमन लेखनी समाचार

रायबरेली , जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने जिले में पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान-2026 का शुभारंभ किया।यह अभियान 28 जून से शुरू हुआ है। अभियान की शुरूआत फीता काटकर की गई।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बच्चों को अपने हाथों से पोलियो की खुराक पिलाई और उन्हें गोद में लेकर स्नेह व्यक्त किया मुख्य चिकित्सा अधिकारी नवीन चंद्रा ने बताया कि इस अभियान के तहत जिले के 3,67,432 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।अभियान के पहले दिन 1672 बूथों पर बूथ दिवस मनाया गया। आगामी 29 जून से 3 जुलाई तक स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगे।इसके बाद 6 जुलाई को बी-टीम गतिविधि आयोजित की जाएगी। अभियान की शुरूआत के दौरान रायबरेली जिला अधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने मीडिया से बातचीत करने के दौरान बताया कि आज से पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की गई है। जिस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ग्रामीण क्षेत्र के साथ शहरी क्षेत्र में घर घर जाकर निर्धारित उम्र के बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाएंगी।

# गांव-गांव पहुंचा शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, गंगा संरक्षण और सनातन संस्कृति का संदेश

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सेवा, संस्कार और सामाजिक जागरूकता के संकल्प के साथ संचालित 16 दिवसीय गंगा पद यात्रा का 15वाँ दिवस जनसहभागिता, आत्मीय संवाद और जनजागरण का सशक्त उदाहरण बनकर सम्पन्न हुआ। ₹आपका बेटा, आपके द्वार₹ की भावना को साकार करते हुए अनुराग त्रिवेदी ने प्रत्येक गांव में घर-घर पहुंचकर माताओं, बहनों, बुजुर्गों, किसानों, युवाओं और बच्चों से आत्मीय भेंट की तथा समाज के हर वर्ग से संवाद स्थापित किया।

15वें दिवस की यात्रा का शुभारंभ ग्राम रायपुर से हुआ। इसके उपरांत यात्रा जयराजमऊ, चंदरपुर कुटी, सेठूंपुर, पहाड़ीखेड़ा, पचासा तथा ऐतिहासिक डौंडियाखेड़ा पहुंची। प्रत्येक गांव में ग्रामीणों ने आत्मीय स्वागत कर यात्रा को अपना अभियान बताया। मातृशक्ति के आशीर्वाद, युवाओं के उत्साह, किसानों के विश्वास और बुजुर्गों के स्नेह ने पूरे मार्ग को अपनत्व और जनविश्वास से भर दिया। यात्रा के दौरान अनुराग त्रिवेदी ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक उन्नति शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, संस्कार और पर्यावरण संरक्षण के समन्वय से ही संभव है। उन्होंने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ने, युवाओं को कौशल विकास और स्वरोजगार के लिए प्रेरित होने, मातृशक्ति को समाज निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति मानते हुए उनके सम्मान और सहभागिता को बढ़ाने तथा प्रत्येक परिवार को स्वास्थ्य, स्वच्छता और पौष्टिक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।पदयात्रा के माध्यम से मां गंगा की निर्मलता और अविरलता, जल संरक्षण, वृक्षारोपण, स्वच्छ पर्यावरण, जैविक खेती, नशामुक्त समाज और सामाजिक समरसता का संदेश भी जन-जन तक पहुंचाया गया।ग्रामीणों से आह्वान किया गया कि मां गंगा केवल आस्था की धारा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, सभ्यता और जीवन का आधार हैं।उनका संरक्षण प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है।



यात्रा के दौरान विभिन्न गांवों में ग्रामीणों ने अपनी स्थानीय आवश्यकताओं, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि, जल संरक्षण तथा सामाजिक विकास से जुड़े विषयों पर अपने विचार साझा किए। अनुराग त्रिवेदी ने सभी से आत्मीयता के साथ संवाद करते हुए समाजहित के प्रत्येक विषय पर मिलकर कार्य करने का संकल्प दोहराया।पूरे मार्ग में यात्रा केवल पैदल चलने तक सीमित नहीं रही, बल्कि जनसंवाद, जनजागरण और जनसहभागिता का जीवंत अभियान बन गई।गांव-गांव में बच्चों का उत्साह, युवाओं की सहभागिता, माताओं-बहनों का स्नेह और बुजुर्गों का आशीर्वाद इस बात का प्रमाण रहा कि यह यात्रा समाज को जोड़ने का माध्यम बन चुकी है।

दिनभर जनजागरण का संदेश पहुंचाने के उपरांत 15वें दिवस की यात्रा का विश्राम ग्राम कल्याणपुर द्वितीय में हुआ, जहां मां गंगा के प्रति श्रद्धा, समाज सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पर्यावरण संरक्षण और सनातन संस्कृति के संरक्षण का सामूहिक संकल्प दोहराया गया।

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त गोष्ठी में अखिलेश सिंह अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी एवं समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष एवं पुलिस कार्यालय सहित समस्त शाखाओं के प्रभारी आदि अधिकारीगण सम्मिलित हुए।अपराध गोष्ठी के दौरान थानों पर पंजीकृत अभियोगों की समीक्षा की गई एवं गंभीर अपराधों के लंबित अभियोगों का गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। महिला संबंधी अपराधों पर प्रभावी कार्यवाही, शातिर अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने, गुंडा एक्ट के अन्तर्गत जिलाबदर की कार्यवाही करने, माफियाओं पर गैंगस्टर, एनएसए के तहत कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिए गये। जनशिकायतों की त्वरित व निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने, अवैध शराब/अवैध शस्त्र/जुआ/मादक पदार्थ आदि अवैध कार्यों के विरूद्ध निरंतर अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। गंभीर अपराधों, पॉक्सो एक्ट, बलात्कार आदि के अभियोगों में प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों को अधिक से अधिक सजा दिलाने हेतु भी निर्देश दिये गये। चोरी, नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु कार्य योजना तैयार करके प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। भीड़ व संवेदनशील क्षेत्रों में प्रभावी गश्त एवं सतर्क निगरानी हेतु दिशा निर्देश दिए गए।जमीनी विवादों में राजस्व विभाग के साथ समन्वय स्थापित करके सतर्कता बनाये रखने व इसकी रिपोर्ट संबंधित अधिकारियों को प्रेषित करने, आईजीआरएस के आवेदकों से स्वयं वार्ता करके फीडबैक लेने, पीआरवी वाहनों की रैंडम चेकिंग कर उनकी सतर्कता का निरीक्षण करने आदि के संबंध में निर्देश दिए गए।

# फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार



नवाबगंज, उन्नाव। अजगैन थाना क्षेत्र के समरखेड़ा मजरा नानाटीकुर गांव में रविवार को युवक का शव घर के पीछे नीम के पेड़ पर साड़ी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा है। गांव निवासी सुमित पुत्र गंगाचरण मजदूरी का काम करता था। वह चार भाइयों में सबसे छोटा था। उसके पिता खेती-किसानी करते हैं। शनिवार की रात वह खाना खा कर टहलने निकल था। और रात को वापस घर नही आया था। सुबह उसका शव घर के पीछे नीम के पेड़ पर साड़ी के फंदे से लटकता मिला।घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर जुट गए। सूचना पर पहुंची अजगैन थाना पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार आत्महत्या के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है।

# पति-पत्नी के 36 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर साथ रहने को हुए राजी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जय प्रकाश सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन उन्नाव एवं विभिन्न थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त परिवार परामर्श केन्द्र से 09 ,महिला थाना, थाना पुरवा से 05-05, थाना बांरमऊ, थाना दही, थाना सोहरामऊ से 03-03, थाना मौरावा, थाना अचलगंज से 02-02, थाना अजगैन थाना हसनगंज, थाना बिहार, थाना गंगाघाट से 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति डॉ शशी रंजना अग्निहोत्री, डॉ0 एस0के0 पाण्डेय, संजय चौरसिया, डॉ0 मनीष सिंह सेंगर सलाहकारों/सहयोगी में डॉ0 अवसार अली, डॉ0 सगीर अहमद, शिवेन्द्र सिंह एवं पुलिस टीम में हेल्पडेस्क प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमारी, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना रेखा सिंह, उप निरीक्षक मिथलेश, अंशु रानी सेविका, पूनम शाक्य, प्रतीक्षा, प्रीति यादव, प्रियंका मिश्रा, प्राची शाह, जितेन्द्र यादव, बबली, स्वाती शीलू पाल, नीतू, तरूण रानी का विशेष योगदान रहा।



# कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक का प्रतिष्ठित फार्म में हुआ चयन

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। तहसील के कृषि विज्ञान केंद्र, धौरा के वैज्ञानिक डॉ. जय कुमार यादव का चयन प्रतिष्ठित फार्म एन फूड कृषि सम्मान अवाड्र्स-2026 उत्तर प्रदेश के अंतर्गत ₹बेस्ट रिसर्च अवार्ड इन फार्मिंग सिस्टम्स₹ के लिए किया गया है। यह सम्मान उन्हें कृषि अनुसंधान, पौध संरक्षण, टिकाऊ कृषि प्रणालियों के विकास, आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रचार-प्रसार तथा किसानों के बीच वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देने में उनके उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया जाएगा।सम्मान समारोह 30 जून 2026 को मालवीय हॉल, लखनऊ विश्वविद्यालय, में आयोजित होगा।

डॉ. जय कुमार यादव ने कृषि विज्ञान केंद्र धौरा के माध्यम से किसानों को रोग एवं कीट प्रबंधन, प्राकृतिक एवं जैविक खेती, फसल सुरक्षा, बागवानी, फसल विविधीकरण, मूल्य संवर्धन तथा आधुनिक कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण देकर खेती को अधिक लाभकारी बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है।

# मार्ग दुर्घटना में साले बहनोई की मौत परिजनों में मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। कालूखेड़ा असोहा मार्ग पर सिरवइया मोड़ के पास बाइक सवार जीजा, साले को डस्ट लादकर जा रहे ट्रैक्टर ट्राली चालक ने टक्कर मार दी।जिससे बाइक गिर कर लगभग बीस मीटर तक घिसटती चली गई।सड़क पर बाइक घिसटने पर उसमें आग लग गई।जिससे बाइक सवार जीजा, साले की मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लिया है। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव चौपई निवासी 55 वर्षीय सूरत पुत्र नन्दी बेटे अमृतलाल के ससुर रामभजन की मौत होने पर रविवार दोपहर उसकी ससुराल असोहा क्षेत्र के गांव भटपुरा बाइक से गए थे।जहां बर्फ लाने के लिए वह अपने साले 55 वर्षीय रज्जन निवासी गिलशहामऊ ,असोहा के साथ बाइक से कालूखेड़ा जा रहे थे अभी दोनो बाइकसवार कालूखेड़ा असोहा मार्ग पर सिरवइया के पास मोड़ पर सामने से डस्ट लादकर आ रहे ट्रैक्टर ट्राली चालक ने बाइक में टक्कर मार दी।टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक गिर कर लगभग बीस मीटर तक घिसटती चली गई। सड़क पर घिसटने से बाइक में आग लग गई।घटना के बाद मौके से ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस दोनो घायलों घायलों को सीएचसी लेकर पहुंची। जहां डाक्टर ने दोनो को मृत घोषित कर दिया।सूरत की मौत से पत्नी रजाना, बेटे अमृतलाल, अम्बरलाल व रज्जन की मौत से पत्नी रजनी, बेटे राजकिशोर, महेश बेहाल रहे। असोहा थाना प्रभारी फूल सिंह ने बताया कि दिवगंत रज्जन के बेटे राजकिशोर की तहरीर पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है।ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर चालक की तलाश की जा रही है।

# युवती ने निगला जहरीला पदार्थ हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव।बिहार थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक युवती के जहरीला पदार्थ खा लेने से मौत हो गई । सुचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायतनामा कर शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया । थाना क्षेत्र के ग्राम आकमपुर मे बचपन से ही अपनी मौसी के यहाँ रह रही नेहा 25 पुत्री कृष्ण कुमार ने शनिवार रात जहरीला पदार्थ खा लिया । तबियत बिगड़ने पर परिजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर ले गये ।जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया । जिला अस्पताल मे इलाज के दौरान मौत हो गई ।पिता की मौत के बाद बचपन से ही नेहा अपनी मौसी शिव कली के घर छोटे भाई अजयपाल के साथ आकमपुर मे रह रही थी ।मृतक एम ए तक कर चुकी थी ।जहरीला पदार्थ खाने के कारणों का पता नही चल पा रहा ।इस सम्बन्ध मे थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि शव को कब्जे मे कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है । पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी



# सहायक शिक्षिका की दबंगई से प्रधान शिक्षक बेहाल

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव।बेसिक शिक्षा अधिकारी का एक्शन ,सहायक शिक्षिका की गलती , शामत आई प्रधान शिक्षक पर।घटना के परिपेक्ष में आपको बता दें कि 25/06/2026 को सहायक शिक्षिका निशा तोमर को अवकाश लिए बिना बेसिक शिक्षा कार्यालय में विद्यालय संचालन समय में पाई जाने पर 25( 06/2026 के एक दिन का वेतन काटे जाने की नोटिस जारी होने के बाद विवाद शुरू हुआ ।ज्ञात हो कि कई दिनों से स्कूल से गायब रहने के बाद सहायक शिक्षिका निशा सिंह तोमर की दबंगई के आगे प्रधान शिक्षक चंद्र भान सिंह लाचार व बेबस है।कंपोजिट विद्यालय नरायनपुर विकास खंड सुमेरपुर के प्रधान शिक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि निशा सिंह तोमर उच्च अधिकारियों का रौब दिखाकर विद्यालय बहुत कम आती है। लेकिन जब इसकी जानकारी बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार पाण्डेय को हुई तो उन्होंने विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण करवाया।जहां पर ज्ञात हुआ कि उक्त दबंग शिक्षिका द्वारा विद्यालय से अनुपस्थित दिनांक 16.06.2026, 22.06.2026, 24.06.2026, 25.06.2026 का जबरन हस्ताक्षर बनाया जाता है तथा प्रधान शिक्षक के द्वारा मना करने पर कहा जाता है कि मैं तुम्हें जूते से मारूंगी एवं महिला छेड़छाड़ आरोप में फंसा दूंगी। दिनांक 16.06.2026, 22.06.2026, 24.06.2026, 25.06.2026 को विद्यालय अनुपस्थित थी और जब दंबग शिक्षिका द्वारा दिनांक 27.06.2026 को विद्यालय में जाकर जबरन हस्ताक्षर बनाए तथा प्रधान शिक्षक को दबाव में लिया गया। जिसका प्रधान शिक्षक ने अपना प्रार्थना-पत्र स्थलीय निरीक्षण के समय जांच अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। उसमें उल्लेख किया गया कि दंबग शिक्षिका के साथ महिला शिक्षकों द्वारा विद्यालय में गुटबाजी की जाती है जिसके कारण विद्यालय के वातावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।जिससे अध्यरनरत छात्रों बुरा असर पड़ रहा है तथा शासन की मंशा के अनुरूप माहौल खराब हो रहा है।

# वायरल वीडियो की जांच करने की प्रधान प्रतिनिधि ने की मांग

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र निवासी ग्राम प्रधान द्वारा मारपीट करने की बात कहते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया संबंधित ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने इसे छवि धूमिल करने वाला बताते हुए वीडियो की जांच कर कार्यवाही की मांग की है।थानाक्षेत्र बेहटा मुजावर के गांव गोशाकुतुब निवासी रवि कनौजिया ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उनकी मां ग्राम प्रधान है जबकि वह पेशे से डाक्टर है जिससे क्षेत्र में उनकी प्रतिष्ठा सम्मानजनक है पीड़ित ने कहा है कि बीते 27 जून को पुलिस ने उनके पेट्रोल पंप पर पहुंचकर सूचना दी कि एक वीडियो में गोशाकुतुब ग्राम प्रधान एक व्यक्ति को बेल्ट से मार रहे है जिसे एक्स प्लेटफार्म पर अपलोड किया गया है ।

पीड़ित ने वायरल वीडियो को छवि खराब करने वाली व सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली बताते हुए पुलिस से वायरल वीडियो की फोरेंसिक व डिजिटल तरीके से जांच के बाद वायरल करने वालो के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

ज्ञात हो सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति को लगातार कई बेल्ट मारता है जबकि आसपास कुछ कारे व अन्य लोग भी खड़े दिखाई दे रहे है हालांकि वायरल वीडियो कहा का है इसका पता नहीं चल पाया है किंतु वायरल वीडियो में मारपीट करने के लिए गोसाकुतुब प्रधान का नाम जोड़ा गया है।

# सीएचसी अधीक्षक ने पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारम्भ




अमन लेखनी समाचार

नवाबगंज, उन्नाव।विकासखंड क्षेत्र में रविवार को पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने सीएचसी में एक नवजात शिशु को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान की शुरूआत की। बीपीएम मलखान सिंह ने बताया कि नवाबगंज विकासखंड क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के लिए 80 बूथ स्थापित किए गए हैं। अभियान के प्रभावी संचालन के लिए विभागीय टीमें लगातार बूथों का निरीक्षण कर रही हैं।इस अवसर पर सीएचसी में यूनिसेफ मॉनिटर मो आसिफ, प्रशांत दीक्षित, स्टाफ नर्स निशी पाल, फार्मासिस्ट प्रदीप कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

# गंगा नदी में डूबे युवक का पानी में उतरता मिला शव

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।दोस्तों के साथ शनिवार शाम को गंगा नहाने गया युवक नहाते समय गंगा में डूब गया। रविवार सुबह करीब 13 घंटे बाद सुबह उसका शव गंगा नदी में उतराता हुआ मिला। थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । जानकारी के अनुसार उन्नाव सदर कोतवाली के करोवन गांव निवासी विमलेश का 21 वर्षीय पुत्र श्रेयांश तिवारी अपने चार साथियों के शनिवार शाम को वह दबौली गाँव में फोन पे बॉक्स लगाकर दोस्तों के साथ सरैया घाट पर गंगा में नहाने चला गया ।जहां वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस भी खोज में जुट गई। किंतु रात में अंधेरा होने के कारण श्रेयांश का कुछ पता नहीं चल सका। रविवार सुबह करीब सात बजे उसका शव घटना स्थल से करीब छह सौ मीटर की दूरी पर उतराता हुआ मिला ।शव मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक दो भाई बहनों में बड़ा और अविवाहित था । प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सुरेश तिवारी की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है ।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।



## सम्पादकीय

# मानसून फिर सक्रिय होने के बावजूद सतर्कता जरूरी

देश के अधिकांश हिस्सों में मानसून ने कुछ दिनों के विराम के बाद फिर रफ्तार पकड़ ली है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार मानसून की प्रगति अब सामान्य दिशा में आगे बढ़ रही है और आने वाले दिनों में कई राज्यों में अच्छी वर्षा की संभावना है। यह खबर किसानों के लिए राहत लेकर आई है, क्योंकि खरीफ का सबसे महत्वपूर्ण दौर इसी समय होता है। हालांकि राहत के साथ-साथ सावधानी की भी आवश्यकता है। मौसम वैज्ञानिक इस वर्ष प्रशांत महासागर में विकसित हो रही अल नीनो जैसी परिस्थितियों पर नजर बनाए हुए हैं, जो मानसून के वितरण और वर्षा के स्वरूप को प्रभावित कर सकती है। हमारी कृषि आज भी काफी हद तक मानसून पर निर्भर है। देश के लगभग आधे कृषि क्षेत्र में सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है और वहां वर्षा ही खेती का मुख्य आधार है। ऐसे में मानसून का समय पर पहुंचना और नियमित वर्षा होना किसानों की आय, उत्पादन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। पिछले कुछ वर्षों का अनुभव बताता है कि केवल कुल वर्षा का आंकड़ा पर्याप्त नहीं होता। असली चुनौती वर्षा के वितरण में होती है। कई बार पूरे सीजन में सामान्य वर्षा दर्ज होती है, लेकिन कुछ क्षेत्रों में अत्यधिक बारिश और कुछ क्षेत्रों में लंबे सूखे अंतराल देखने को मिलते हैं। यही स्थिति फसलों के लिए सबसे अधिक नुकसानदायक साबित होती है। अल नीनो का प्रभाव भी इसी संदर्भ में महत्वपूर्ण हो जाता है। सामान्यतः अल नीनो की स्थिति में प्रशांत महासागर के मध्य और पूर्वी भाग का समुद्री तापमान बढ़ जाता है, जिससे वैश्विक मौसम चक्र प्रभावित होता है। भारत में इसका संबंध अक्सर कमजोर या असमान मानसून से जोड़ा जाता रहा है। हालांकि हर अल नीनो वर्ष में सूखा पड़े, यह जरूरी नहीं है, लेकिन इसके कारण मानसून की अनिश्चितता बढ़ जाती है। इसलिए किसानों के लिए यह समय केवल बारिश का इंतजार करने का नहीं, बल्कि जोखिम प्रबंधन की तैयारी करने का भी है। इसलिए किसान मौसम आधारित खेती को प्राथमिकता दें। खेत में बुवाई, सिंचाई, उर्वरक प्रयोग और कीटनाशक छिड़काव स्थानीय मौसम की जानकारी के आधार पर ही करें। यदि किसी क्षेत्र में भारी वर्षा की संभावना हो तो उर्वरकों और रसायनों का प्रयोग टालना अधिक लाभकारी होगा। दूसरी महत्वपूर्ण बात जल प्रबंधन की है। मानसून के शुरुआती दौर में होने वाली अच्छी बारिश का अधिकतम संग्रह किया जाना चाहिए। खेत तालाब, मेड़बंदी, वर्षा जल संचयन और सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों का उपयोग भविष्य में पड़ने वाले सूखे अंतराल से बचाने में मदद कर सकता है। एक और महत्वपूर्ण पहलू फसल बीमा है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जैसी व्यवस्थाओं का लाभ उठाना किसानों के लिए सुरक्षा कवच का काम कर सकता है। अक्सर किसान इसे अतिरिक्त खर्च समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन प्राकृतिक आपदा की स्थिति में यही सुरक्षा आर्थिक संकट को कम कर सकती है। सरकार और कृषि विभागों की भी जिम्मेदारी है कि वे किसानों तक समय पर और स्थानीय स्तर की मौसम जानकारी पहुंचाएं। केवल पूर्वानुमान जारी करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसके आधार पर कृषि सलाह भी उपलब्ध करानी चाहिए। कृषि विस्तार सेवाओं को और अधिक सक्रिय बनाने की आवश्यकता है ताकि किसान बदलते मौसम के अनुसार अपने निर्णय ले सकें। इसलिए किसान बारिश का स्वागत करें, लेकिन तैयारी और सतर्कता को भी उतनी ही प्राथमिकता दें। इससे ही बेहतर उत्पादन और अधिक आय हासिल हो सकती है।



मंथन

कांतिलाल मांडोत

> भारतीय समाज में विवाह को केवल दो व्यक्तियों का नहीं बल्कि दो परिवारों का मिलन माना जाता है। विवाह से पहले होने वाली सगाई और अन्य रस्में भविष्य के जीवन की नींव मानी जाती हैं। ऐसे में यदि कोई व्यक्ति किसी रिश्ते को स्वीकार नहीं करना चाहता तो उसके पास उसे स्पष्ट रूप से अस्वीकार करने का अधिकार है। आधुनिक समाज में व्यक्तिगत स्वतंत्रता और अपनी पसंद के अनुसार जीवनसाथी चुनने का अधिकार भी स्वीकार किया जाता है। लेकिन किसी रिश्ते से बाहर निकलने का रास्ता छल और हिंसा नहीं हो सकता। रिश्तों में पारदर्शिता, नैतिक शिक्षा, पारिवारिक संवाद और कानून का भय इन सभी तत्वों को मजबूत करना होगा।

# प्रेम के मुखौटे के पीछे भरोसे की हत्या

महाराष्ट्र के पुणे से सामने आए एक चर्चित हत्याकांड ने पूरे देश को झकझोर दिया है। जिस रिश्ते को विश्वास और जीवनभर के साथ का आधार माना जाता है, उसी रिश्ते के भीतर कथित साजिश और हत्या की कहानी ने समाज को कई कठिन सवालों के सामने खड़ा कर दिया है। एक ओर शादी की तैयारियां चल रही थीं, करोड़ों रुपये खर्च कर भव्य आयोजन की योजनाएं बनाई जा रही थीं। दूसरी ओर रिश्तों की सतह के नीचे अविश्वास और दूसरे संबंधों का ऐसा जाल बुना जा रहा था, जिसने अंततः एक युवा कारोबारी की जान ले ली। पुलिस जांच के अनुसार मंगेतर और उसके कथित प्रेमी पर युवक की हत्या की साजिश रचने का आरोप है।

मामला केवल एक आपराधिक घटना भर नहीं है, बल्कि यह बदलते सामाजिक परिवेश में रिश्तों की गंभीर चुनौतियों को भी उजागर करता है। आज समाज का बड़ा वर्ग इस घटना को केवल हत्या के रूप में नहीं बल्कि भरोसे की हत्या के रूप में देख रहा है। भारतीय समाज में विवाह को केवल दो व्यक्तियों का नहीं बल्कि दो परिवारों का मिलन माना जाता है। विवाह से पहले होने वाली सगाई और अन्य रस्में भविष्य के जीवन की नींव मानी जाती हैं। ऐसे में यदि कोई व्यक्ति किसी रिश्ते को स्वीकार नहीं करना चाहता तो उसके पास उसे स्पष्ट रूप से अस्वीकार करने का अधिकार है। आधुनिक समाज में व्यक्तिगत स्वतंत्रता और अपनी पसंद के अनुसार जीवनसाथी चुनने का अधिकार भी स्वीकार किया जाता है। लेकिन किसी रिश्ते से बाहर निकलने का रास्ता छल और हिंसा नहीं हो सकता। यही कारण है कि पुणे की इस घटना ने लोगों को भीतर तक विचलित किया है। सवाल केवल यह नहीं है कि एक युवक की मौत कैसे हुई बल्कि यह भी है कि क्या हमारे समाज में संवाद की जगह छल ने ले ली है। क्या सच बोलने का साहस कम होता जा रहा है। क्या लोग अपने निर्णयों की जिम्मेदारी लेने के बजाय गलत रास्ते चुनने लगे हैं।

पिछले कुछ वर्षों में देश के विभिन्न हिस्सों से ऐसे अनेक मामले सामने आए हैं, जिनमें प्रेम संबंधों विवाहेतर संबंधों या निजी रिश्तों के विवादों ने हिंसक रूप ले लिया। कभी पति या पत्नी की हत्या की खबर आती है तो कभी प्रेमी या प्रेमिका को रास्ते से हटाने की साजिश का खुलासा होता है। सोशल मीडिया और डिजिटल संचार के युग में रिश्ते बनना आसान हुआ है लेकिन उन्हें निभाने की जिम्मेदारी और ईमानदारी का महत्व भी उतना ही बढ़ गया है। विशेषज्ञ मानते हैं कि समाज में बढ़ती भौतिकता और त्वरित संतुष्टि की मानसिकता ने भी रिश्तों को प्रभावित किया है। बहुत से लोग रिश्तों को एक प्रतिबद्धता के बजाय सुविधा के रूप में देखने लगे हैं। जब तक सब कुछ अनुकूल रहता है, तब तक संबंध चलते हैं लेकिन कठिन परिस्थितियां आते ही कई लोग जिम्मेदारी से बचने का प्रयास करते हैं। यह प्रवृत्ति चिंता का विषय है क्योंकि किसी भी स्वस्थ समाज की बुनियाद भरोसे और नैतिकता पर टिकी होती है। धोखाधड़ी आज के समय में केवल आर्थिक अपराध तक सीमित नहीं रह गई है। भावनात्मक धोखाधड़ी भी तेजी से बढ़ती दिखाई दे रही है। कई बार लोग एक व्यक्ति के साथ भविष्य के सपने दिखाते हैं जबकि समानांतर रूप से किसी और संबंध में



भी जुड़े रहते हैं। जब सच्चाई सामने आती है तो उसके परिणाम केवल व्यक्तिगत नहीं होते बल्कि पूरे परिवार को प्रभावित करते हैं। माता-पिता भाई-बहन और अन्य परिजन भी मानसिक आघात से गुजरते हैं। इस घटना ने अवैध संबंधों और बढ़ते व्यभिचार पर भी बहस छेड़ दी है।

समाजशास्त्रियों का मानना है कि किसी भी रिश्ते में पारदर्शिता सबसे महत्वपूर्ण तत्व है। यदि दो लोगों के बीच भावनात्मक जुड़ाव समाप्त हो गया है या कोई अन्य संबंध बन चुका है तो उसे ईमानदारी से स्वीकार करना चाहिए। झूठ और दोहरी जिंदगी अंततः बड़े संकट को जन्म देती है। जब भावनाएं स्वार्थ और छल से संचालित होने लगती हैं तो परिणाम विनाशकारी हो सकते हैं। सोशल मीडिया ने भी रिश्तों के स्वरूप को बदल दिया है। आज लोग अपने निजी जीवन की चमकदार तस्वीरें दुनिया के सामने प्रस्तुत करते हैं, लेकिन वास्तविकता कई बार उससे बिल्कुल अलग होती है। डिजिटल दुनिया में बनाई गई छवि और वास्तविक जीवन के बीच का अंतर कई बार गंभीर मानसिक और सामाजिक समस्याओं को जन्म देता है। पुणे मामले में भी जांच एजेंसियों ने सोशल मीडिया चैट और डिजिटल साक्ष्यों को महत्वपूर्ण माना है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि आधुनिक अपराधों की जांच में तकनीक की भूमिका कितनी बढ़ चुकी है। समाज के सामने सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि नैतिक मूल्यों को कैसे मजबूत किया जाए। केवल कानून अपराध होने के बाद कार्रवाई कर सकता है, लेकिन अपराध होने से पहले उसे रोकने का काम परिवार समाज और शिक्षा व्यवस्था को करना होगा। बच्चों और युवाओं को यह सिखाना आवश्यक है कि किसी भी रिश्ते की नींव ईमानदारी और सम्मान पर टिकी होती है। यदि किसी संबंध में असहमति है तो उसका समाधान संवाद से होना चाहिए, न कि छल या हिंसा से। परिवारों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज व्यस्त जीवनशैली के कारण परिवारों के बीच संवाद कम होता जा रहा है। कई युवा अपनी भावनात्मक समस्याओं और व्यक्तिगत संघर्षों को साझा नहीं कर पाते। परिणामस्वरूप वे गलत निर्णयों की ओर बढ़ जाते हैं। यदि परिवारों में खुला संवाद और विश्वास का वातावरण हो तो अनेक संकटों को समय रहते रोका जा सकता है। कानून व्यवस्था के स्तर पर भी ऐसे मामलों में त्वरित और निष्पक्ष जांच जरूरी है ताकि अपराधियों को स्पष्ट संदेश मिले कि किसी भी परिस्थिति में हिंसा स्वीकार्य नहीं है। साथ ही समाज को भी यह समझना होगा कि प्रेम का अर्थ अधिकार नहीं बल्कि सम्मान है। यदि कोई रिश्ता नहीं निभ सकता तो उसे समाप्त किया जा सकता है, लेकिन किसी व्यक्ति के जीवन को समाप्त करने का अधिकार किसी को नहीं है।

पुणे की यह घटना एक चेतावनी है कि आधुनिकता के साथ यदि नैतिकता और जिम्मेदारी का संतुलन नहीं रखा गया तो समाज गंभीर संकटों का सामना करेगा। रिश्तों में बढ़ता अविश्वास परिवार संस्था को कमजोर कर सकता है। प्रेम यदि ईमानदारी से जुड़ा हो तो जीवन को संवारता है लेकिन यदि उसमें छल और स्वार्थ प्रवेश कर जाए तो वही प्रेम विनाश का कारण बन सकता है। आज आवश्यकता केवल इस एक घटना पर चर्चा करने की नहीं बल्कि उन सामाजिक कारणों को समझने की है जो ऐसे अपराधों को जन्म देते हैं। रिश्तों में पारदर्शिता, नैतिक शिक्षा, पारिवारिक संवाद और कानून का भय इन सभी तत्वों को मजबूत करना होगा। तभी समाज विश्वास और मानवीय मूल्यों की उस राह पर आगे बढ़ सकेगा, जहां प्रेम जीवन का आधार बने, न कि किसी त्रासदी की वजह।

दिवस विशेष

कृष्ण प्रताप सिंह



# आपातकाल : इंदिरा गांधी की क्षमायाचना और उसके बाद...

इक्यावन साल पहले 1975 में वह आज का ही दिन था, 25 जून का, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सलाह पर राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत देशव्यापी आपातकाल की घोषणा कर दी थी। इस घोषणा के बाद सारे विपक्षी नेताओं को तुरत-फुरत जेल में डाल दिया गया था, अभिव्यक्ति की आजादी समेत नागरिकों के सारे मौलिक अधिकार छीन लिए गए थे और इन कदमों के विरुद्ध प्रतिरोध का कोई स्वर न उठ सके, इसके लिए अखबारों पर सख्त सेंसर लगा दिया गया था। ज्ञातव्य है कि उन दिनों अखबार ही लोगों के लिए समाचारों के मुख्य स्रोत हुआ करते थे। यह आपातकाल 21 मार्च,1977 तक कुल मिलाकर लगभग 21 महीनों तक लागू रहा और इंदिरा गांधी ने उसे तब भी नहीं हटाया, जब इस मुगालते में लोकसभा चुनाव करा दिए कि 'आपातकाल की उपलब्धियों से खुश' मतदाता उनको आसानी से जीत दिला देंगे। उनकी उम्मीद के विपरीत इस चुनाव में उनकी करारी हार हुई तो प्रधानमंत्री पद से अपने इस्तीफे से पहले उन्होंने यह सोचकर राष्ट्रपति से आपातकाल हटाने की सिफारिश कर दी कि उनके इस्तीफे के बाद भी वह लागू रह गया तो नई सरकार अपनी बारी पर उसके प्रावधानों को उनके और उनकी पार्टी के खिलाफ इस्तेमाल करना शुरू कर देगी। फिर 23 जनवरी,1978 को अनेक प्रेक्षकों को चकित करते हुए आपातकाल के दौरान हुए अत्याचारों, ज्यादतियों व गलतियों के लिए सार्वजनिक रूप से और बिना शर्त माफी मांग ली। इसके लिए उन्होंने उन दिनों महाराष्ट्र में हो रहे विधानसभा चुनाव के सिलसिले में यवतमाल में अपनी नवगठित पार्टी के प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित सभा को चुना। अलबत्ता, इस सभा में भी उन्होंने आपातकाल को उस दौर की बीमारियों के इलाज के लिए दी गई ऐसी दवा बताया, जो निस्संदेह सुखद नहीं थी। लेकिन उसके बाद? उन्हीं के शब्दों में कहें तो 'उसके बाद नए चुनाव कराने में हमने सभी लोकतांत्रिक सिद्धांतों का पालन किया। हमसे हुई गलतियों को लेकर नाराज देश की जनता ने हमारे खिलाफ फैसला दिया तो हमने उसके फैसले को भी विनम्रता से स्वीकार किया।' महाराष्ट्र विधानसभा के चुनावों के साथ ही कर्नाटक विधानसभा के भी चुनाव हुए थे, जिसमें इंदिरा गांधी की पार्टी को पूर्ण बहुमत मिला था और उसने देवराज अर्स के नेतृत्व में सरकार बनाई थी। बहरहाल, श्रीमती गांधी द्वारा मांगी गई माफ़ी की पृष्ठभूमि पर विचार करें तो केंद्र की सत्ता से उनकी बेदखली के बाद नई-नई बनी जनता पार्टी की सरकार ने उन दिनों आपातकाल की ज्यादतियों की जांच के लिए शाह नामक कमीशन गठित कर रखा था और सरकारी समाचार माध्यमों से उसकी कार्रवाई का भरपूर प्रचार कराकर उनके विरुद्ध फैले जनाक्रोश की उम्र लम्बी करने में लगी हुई थी। ऐसे में उनका यवतमाल में माफी मांगना सिर्फ महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में जय-पराजय से जुड़ा हुआ मामला नहीं था। उससे उनकी देश भर में अपनी राजनीतिक जमीन वापस पाने की एक बड़ी चुनावी रणनीति जुड़ी हुई थी। इस रणनीति ने देश की राजनीति में उनकी जैसी वापसी कराई, वह भारतीय राजनीति के इतिहास का एक बेहद दिलचस्प अध्याय है। प्रतिद्वंद्वी जनता पार्टी की टूट-फूट का लाभ उठाकर उन्होंने लोकसभा के 1980 के मध्यावधि चुनाव में जिस तरह वापसी की, उसे दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक कमबैक में से एक माना जाता है। फरवरी, 1978 में कर्नाटक विधानसभा का चुनाव जीतने के कुछ ही महीनों बाद नवंबर 1978 में उन्होंने इसी राज्य की चिकमगलूर सीट से लोकसभा का उपचुनाव जीतकर देश की सत्ता में अपनी वापसी की भूमिका लिखनी शुरू की तो जनता पार्टी की सरकार ने उनको घेरने के चक्कर में विशेषाधिकार हनन के आरोप में उन्हें लोकसभा से निष्कासित कर जेल भेज दिया। तब उन्होंने इस कार्रवाई को जनता के सामने राजनीतिक प्रतिशोध के रूप में पेश किया और उसकी सहानुभूति प्राप्त कर ली। फिर तो 1980 के लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी ने 351 सीटें जीतकर प्रचंड बहुमत हासिल किया और वे फिर से देश की प्रधानमंत्री बन गईं।

## स्वतंत्रता दिवस स्व नियंत्रण का पर्व



संकलित

दर्शन

स्वाधीनता अर्थात स्व के अधीन होने का पर्व। स्व नियंत्रण का पर्व, जहां पर स्व की इच्छाओं की प्रधानता हो, स्वयं पर स्वयं का नियंत्रण हो। वास्तव में भारत पर भारत का ही नियंत्रण हो सकता है। इस विशाल, समृद्ध, संस्कार और संस्कृति से युक्त राष्ट्र पर नियंत्रण करने की कोशिश तो बहुत से राष्ट्रों द्वारा की गई, परंतु भारत विशाल हृदय और समृद्ध विरासत के साथ सदैव खड़ा रहा। हिमालय जैसे विशाल हृदय, गंगा जैसी पावनता व वेदों के विशाल ज्ञान के भंडार के साथ जीवंत व जाग्रत बना रहा और आगे भी रहेगा। भारत ने महाभारत देखी, भारत ने राम-भरत का प्रेम देखा, कृष्ण-सुदामा की मित्रता देखी। वर्तमान भारत विश्व पटल पर अपना उत्कृष्ट स्थान रखता है। अब हम एक ऐसे भारत की ओर बढ़ें, जहां नक्शे में हर भारतीय के हस्ताक्षर हों। ऐसा भारत, जहां भारत माता की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले और धरती के गर्भ से अन्न पैदा करने के लिए पसीना बहाने वालों के लिए उपयुक्त स्थान हो। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त कहते हैं, 'सब तीर्थों का एक तीर्थ यह, हृदय पवित्र बना लें हम, आओ यहां अजातशत्रु बन, सबको मित्र बना लें हम। भारत माता का मंदिर यह, समता का संवाद जहां, सबका शिव कल्याण यहां है, पावें सभी प्रसाद यहां।' ऐसे भाव जहां हों, वह राष्ट्र केवल गौरव का अधिकारी है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भी इसीलिए कहा, 'भारत जमीन का टुकड़ा नहीं, जीता जागता राष्ट्रपुरुष है। इसका कंकर-कंकर शंकर है, इसका बिंदु-बिंदु गंगाजल है।

## भगवान को धन की कोई आवश्यकता नहीं



संकलित

प्रेरणा

एक सेठ के पास एक व्यक्ति काम करता था। सेठ उस व्यक्ति पर बहुत विश्वास करता था। वो व्यक्ति भगवान का बहुत बड़ा भक्त था। वह सदा भगवान के चिंतन भजन कीर्तन स्मरण सत्संग आदि का लाभ लेता रहता था। एक दिन उस ने सेठ से श्री जगन्नाथ धाम यात्रा करने के लिए कुछ दिन की छुट्टी मांगी सेठ ने उसे छुट्टी देते हुए कहा- भाई! मैं तो हूं संसारी आदमी हमेशा व्यापार के काम में व्यस्त रहता हूं, तुम जा ही रहे हो तो यह लो 100 रुपए मेरी ओर से श्री जगन्नाथ प्रभु के चरणों में समर्पित कर देना। भक्त सेठ से सौ रुपए लेकर श्री जगन्नाथ धाम यात्रा पर निकल गया। वह श्री जगन्नाथ पुरी पहुंचा। मंदिर की ओर प्रस्थान करते समय उसने रास्ते में देखा कि बहुत सारे संत, भक्त जन, वैष्णव जन, हरि नाम संकीर्तन बड़ी मस्ती में कर रहे हैं। भक्त भी वहीं रुक कर हरिनाम संकीर्तन का आनंद लेने लगा। उसने सोचा क्यों ना सेठ के सौ रुपए से इन भक्तों को भोजन करा दूँ। सबको भोजन कराने में उसे कुल 98 रुपए खर्च करने पड़े। उसके पास दो रुपए बच गए उसने सोचा चलो अच्छा हुआ दो रुपए जगन्नाथ जी के चरणों में सेठ के नाम से चढ़ा दूंगा। भक्त ने श्री जगन्नाथ जी के दर्शन किए और अंत में उसने सेठ के दो रुपए श्री जगन्नाथ जी के चरणो में चढ़ा दिए। भगवान को आपके धन की कोई आवश्यकता नहीं है। भगवान को वह 98 रुपए स्वीकार है जो जीव मात्र की सेवा में खर्च किए गए और उस दो रुपए का कोई महत्व नहीं जो उनके चरणों में नगद चढ़ाए गए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सुरक्षा मानकों पर उठते सवाल

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र मे 22 जून को एक दो-मंजिला व्यावसायिक भवन में लगी भीषण आग ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। उपलब्ध जानकारी के अनुसार इस दर्दनाक हादसे में तीन महिलाओं सहित 15 लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि सात अन्य घायल बताए जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार मृतकों में अधिकांश विद्यार्थी थे, जो भवन की दूसरी मंजिल पर संचालित डिजिटल लाइब्रेरी और एनिमेशन सेंटर में अध्ययन कर रहे थे। आग ग्राउंड फ्लोर पर स्थित एक पेट शॉप में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी और कुछ ही मिनटों में पूरे भवन में फैल गई। यह भी सामने आया है कि प्रवेश द्वार थंब इम्प्रेशन प्रणाली से संचालित था, जो आपातकालीन स्थिति में समय पर नहीं खुल पाया। क्या सुरक्षा एजेंसी ने कभी सुरक्षा मानकों का जायजा लिया। – *विवेक चौहान, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### कॉरिडोर विज़न



असम एक्सप्रेसवे और हाई-स्पीड कॉरिडोर का एक नेटवर्क बना रहा है ताकि हर इलाके तक यात्रा का समय मौजूदा 13-15 घंटे से घटकर 6 घंटे के दायरे में आ जाए। बड़े सिलीगुड़ी-सिलचर कॉरिडोर विज़न के तहत सिलचर-शिलांग सेक्शन पर काम पहले ही चल रहा है।

- **हिमंत बिस्वा सरमा**, सीएम, असम

### महत्वपूर्ण कदम



आज झारखंड के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नई शुरुआत हुई है। न केवल डॉक्टरों, बल्कि अस्पताल प्रबंधकों और वित प्रबंधकों की नियुक्ति से अस्पताल प्रबंधन को अधिक पेशेवर, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

- **हेमंत सोरेन**, सीएम, झारखंड

### लखनऊ अग्निकांड



लखनऊ अग्निकांड जैसी जानलेवा घटनाएं अनगिनत परिवारों की उम्मीदें तोड़ देती है। ऐसी दुखद घटनाओं को रोकने के लिए सही ढंग से काम करने की ज़रूरत है। सिर्फ एक-दूसरे पर आरोप लगाने से काम नहीं चलेगा।

- **मायावती**, पूर्व सीएम, उप्र

### छात्रों की आवाज़




लाखों छात्रों का भविष्य बर्बाद हो गया है, नीट पेपर लीक की वजह से 20 बच्चों ने अपनी जान दे दी...लेकिन मोदी सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान अपनी कुर्सी से चिपके हुए है और इंटरव्यू देते समय "छात्रों की आवाज" को "आतंकवादी" कह रहे हैं।

- **मल्लिकार्जुन खड़गे**, अध्यक्ष, कांग्रेस

## करंट अफेयर

### चीनी कंप्यूटर 'लाइनशाइन' ने अमेरिकी कंप्यूटर को पछाड़ा

चीन का एक सुपरकंप्यूटर अमेरिकी मशीनों को पछाड़कर अब दुनिया का सबसे शक्तिशाली कंप्यूटर बन गया है। वर्ष 2017 के बाद यह पहला मौका है जब किसी चीनी कंप्यूटर ने उस सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया है जिसे प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में किसी देश की क्षमता के पैमाने के रूप में भी अकसर देखा जाता है। चीन के शेनझेन में स्थित 'लाइनशाइन' कंप्यूटर ने मंगलवार को घोषित 'टॉप500' कंप्यूटर की रैंकिंग के हालिया संस्करण में अमेरिकी कंप्यूटर 'एल कैपिटन' को पछाड़ दिया। 'टॉप500' परियोजना से जुड़े वैज्ञानिकों ने बताया कि चीन के राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग केंद्र में स्थित 'लाइनशाइन' कंप्यूटर ने 2.198 एक्साफ्लॉप्स की क्षमता हासिल की है।



## ऑफ बीट

### पृथ्वी का ज्ञात क्रेटर तीन अरब वर्ष से भी अधिक पुराना

पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के पिलबारा क्षेत्र में स्थित प्राचीन चट्टानों पर किए गए एक नए अध्ययन में पुष्टि हुई है कि पृथ्वी पर ज्ञात सबसे पुराना क्रेटर 3.024 अरब वर्ष से अधिक पुराना है। कर्टिन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक क्रिस किर्कलैंड के नेतृत्व में किए गए इस अध्ययन में पाया गया कि उत्तरी ध्रुव के झुकाव वाले क्षेत्र में मौजूद भूगर्भीय संरचना एक विशाल उल्कापिंड टक्कर का परिणाम है, जो आर्कियन काल (4 से 2.5 अरब वर्ष पूर्व) में हुई थी। इस क्षेत्र की चट्टानें लगभग 3.5 अरब वर्ष पुरानी ज्वालामुखीय चट्टानें हैं, जिनमें 'शॉटर कोन्स' पाए गए हैं। ये संरचनाएं अत्यधिक दबाव और झटके का संकेत देती हैं, जो किसी उल्कापिंड के टकराने से उत्पन्न होते हैं।



## संक्षेप

### ऑपरेशन चक्रव्यूह, दो चोर गिरफ्तार, सामान बरामद

#### गौरीगंज पुलिस ने जिम से बैट्री-इन्वर्टर चोरी का किया खुलासा

अमेठी ,गौरीगंज में पुलिस ने 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक जिम से बैट्री और इन्वर्टर चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर चोरी का सामान और घटना में प्रयुक्त औजार भी बरामद कर लिया गया है। प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सिंह के नेतृत्व में गौरीगंज पुलिस टीम मुखबिर की सूचना पर सक्रिय हुई। टीम ने गौहनिया मजरे बाजगढी निवासी 20 वर्षीय लकी सिंह उर्फ आदर्श सिंह और पूरे विसेनन मजरे बाजगढी निवासी 22 वर्षीय अभिषेक सिंह को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने बालेन्द्र के जिम का ताला तोड़कर बैट्री और इन्वर्टर चोरी करने की बात कबूल की। उनकी निशानदेही पर हरदो गौसपुर रोड के पास झाड़ियों से चोरी की एक बैट्री, एक इन्वर्टर और वारदात में इस्तेमाल की गई लोहे की रॉड बरामद की गई।यह कार्रवाई अमेठी पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' का हिस्सा है। पुलिस लगातार वांछितों की तलाश और संदिग्धों की चेकिंग कर रही थी। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक दिवाकर, कांस्टेबल अतुल कुमार, कांस्टेबल पवन कुमार, कांस्टेबल दिलीप कुमार और कांस्टेबल बृजेश कुमार शामिल रहे।

### आरपीएफ ने रेलवे ट्रैक पर सोए युवक की जान बचाई

#### अमेठी में लोको पायलट ने दी सूचना, ईंट भट्ठे पर करता है मजदूरी

अमेठी , निहालगढ़ रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर सोए एक युवक की जान आरपीएफ ने बचाई। युवक शराब के नशे में धुत था और उसके ऊपर से एक एक्सप्रेस ट्रेन गुजर गई थी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वह पास के एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता है। घटना मंगलवार रात की है जब महामना एक्सप्रेस के लोको पायलट ने ट्रैक पर एक युवक को पड़ा देखा। उन्होंने तत्काल स्टेशन मास्टर को सूचना दी। सूचना मिलते ही आरपीएफ के जवान मौके पर पहुंचे और युवक को सुरक्षित ट्रैक से हटाया शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं आरपीएफ के अनुसार, युवक अत्यधिक नशे में था और ट्रैक पर ही सो गया था। इस दौरान ट्रेन उस मार्ग से गुजरीं, लेकिन सौभाग्यवश कोई हादसा नहीं हुआ। युवक की पहचान आलमपुर भोजपुर बिहार निवासी मिथुन के रूप में हुई है। उसके शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं थे। निहालगढ़ आरपीएफ प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि मंगलवार रात युवक शराब के नशे में ट्रैक पर सो गया था। एक एक्सप्रेस ट्रेन उसके ऊपर से गुजरने के बाद लोको पायलट ने स्टेशन पर जानकारी दी। आरपीएफ टीम ने मौके पर पहुंचकर युवक को ट्रैक से हटाया। सतर्कता की सराहना की बाद में उसे ईंट भट्ठे के मुंशी को सौंप दिया गया, जहां वह काम करता था।

# पुलिस मुठभेड़ में 50 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। थाना कैसरगंज पुलिस एवं स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में रविवार तड़के करीब 2:40 बजे रुकनापुर तिराहे के पास पुलिस मुठभेड़ में ?50हजार का इनामी एवं वांछित अपराधी गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ के दौरान बदमाश के बाएं पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे पुलिस अभिरक्षा में उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। थानाध्यक्ष कैसरगंज राज कुमार पांडेय अपनी पुलिस टीम के साथ वांछित अपराधियों की तलाश में क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान स्वाट टीम भी वांछित एवं पुरस्कार घोषित अपराधियों की तलाश में मौके पर पहुंची। दोनों टीमों के बीच अपराधियों के संबंध में विचार-विमर्श चल रहा था कि तभी एक मुखबिर ने सूचना दी कि पुलिस को लंबे समय से चकमा दे रहा एक बदमाश चोरी का सामान एवं अवैध हथियार लेकर गुड़िया मार्ग से कैसरगंज की ओर आ रहा है। सूचना पर विश्वास करते हुए पुलिस एवं स्वाट टीम ने रुकनापुर तिराहे पर घेराबंदी कर दी। कुछ देर बाद संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस के अनुसार, रुकने का इशारा मिलते ही बदमाश ने जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आत्मरक्षार्थ फायर किया, जिसमें बदमाश के बाएं पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा। पकड़े गए बदमाश ने पूछताछ में अपना नाम मुल्क राज पुत्र श्याम बिहारी, निवासी ग्राम रायपुर भैंसवा, थाना बौंडी, जनपद बहराइच बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक मोबाइल फोन, सफेद धातु के 10 बिछुआ, ?2,400 नकद, एक देशी तमंचा (.315 बोर), दो जिंदा कारतूस तथा दो खोखा कारतूस बरामद किए गए। घायल आरोपी को तत्काल पुलिस सुरक्षा में जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अपराधी के विरुद्ध जनपद के विभिन्न थानों में चोरी, आर्म्स एक्ट एवं अन्य संगीन धाराओं के दो दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। वह थाना फखरपुर, हुजूरपुर एवं बौंडी में दर्ज कई चोरी के मामलों में वांछित चल रहा था। पुलिस का कहना है कि आरोपी से बरामद सामान एवं उसके आपराधिक नेटवर्क के संबंध में आगे की विधिक कार्रवाई और पूछताछ जारी है।

# नेपाल में 75 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो भारतीय नागरिक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रूपईडीहा, बहराइच। नेपाल में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत काठमांडू पुलिस ने 75 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों पर नेपाल में नशीले पदार्थों के कारोबार में संलिप्त होने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, काठमांडू महानगर क्षेत्र के चंद्रागिरि नगरपालिका-2 स्थित नागढुंगा चेकपोस्ट पर नियमित जांच अभियान के दौरान यह कार्रवाई की गई। काकड़भिट्टा से काठमांडू की ओर आ रही यात्री बस संख्या बा.प्र. 03-001 ख 5304 की तलाशी के दौरान पुलिस ने दो संदिग्ध यात्रियों को हिरासत में लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोना राय (34 वर्ष) तथा पंकज बोस (26 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों भारतीय नागरिक पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले के सिलीगुड़ी चंपासारी क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से छिपाकर रखा गया 75 ग्राम ब्राउन शुगर जैसा दिखने वाला गीला पदार्थ बरामद किया। बरामद मादक पदार्थ को कब्जे में लेकर पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। नेपाल पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ लागू मादक पदार्थ संबंधी कानूनों के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों के अनुसार, बरामद पदार्थ की जांच के साथ-साथ इससे जुड़े तस्करी नेटवर्क और अन्य संभावित आरोपियों के संबंध में भी छानबीन की जा रही है।

# एडवोकेट की पत्नी को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। विकास खंड नवाबगंज के पूर्व प्रधान भवनियापुर टिकुरी व प्रसिद्ध एडवोकेट गिरजेश सिंह की धर्मपत्नी की आकस्मिक निधन के पश्चात आयोजित श्रद्धांजलि सभा में विधानसभा नानपारा 283 समाजवादी नेता राजेश चौधरी नें पहुंचकर दिवंगत आत्मा कों श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिवारजनों से मिलकर संवेदनाएँ व्यक्त कीं। एडवोकेट की पत्नी के निधन पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में क्षेत्र के सैंकड़ो ग्रामीण, स्थानीय जनप्रतिनिधि और विभिन्न दलों के नेता शामिल हुए।

# दो अलग अलग जगहों से ब्राउन शुगर के साथ तीन व्यक्तियो को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल के जिला प्रहरी कार्यालय, बांके द्वारा नशीले पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत दो अलग-अलग मामलों में दो व्यक्तियों को प्रतिबंधित मादक पदार्थ ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया गया है। दोनों मामलों में बरामद मादक पदार्थ को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिला प्रहरी कार्यालय बांके की पुलिस टीम ने नेपालगंज उपमहानगरपालिका वार्ड नंबर-10 क्षेत्र में संदिग्ध अवस्था में घूम रहे कोहलपुर नगरपालिका-13 निवासी 28 वर्षीय रघु थारू तथा 18 वर्षीय दीपेश दामाई को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान उनके पास से 4 ग्राम 300 मिलीग्राम ब्राउन शुगर जैसा दिखने वाला पदार्थ बरामद किया गया। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर बांके जिला अदालत से मादक पदार्थ संबंधी मामले में 5 दिन की म्याद प्राप्त कर आगे की जांच शुरू कर दी है। एक अन्य कार्रवाई में लुम्बिनी प्रदेश प्रहरी कार्यालय दाङ तथा इलाका प्रहरी कार्यालय बैतहनी की संयुक्त पुलिस टीम ने गोपनीय सूचना के आधार पर डुडुवा गाउँपालिका-02, बांके निवासी 28 वर्षीय राजेन्द्र लोहनिया को जांच के दौरान गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 105 ग्राम 710 मिलीग्राम ब्राउन शुगर जैसा पदार्थ बरामद हुआ। इस मामले में भी बांके जिला अदालत से 7 दिन की म्याद लेकर विस्तृत जांच-पड़ताल की जा रही है। नेपाल पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी एवं कारोबार के विरुद्ध अभियान को और तेज करने की बात कही है तथा आम नागरिकों से भी ऐसे मामलों की सूचना पुलिस को उपलब्ध कराने की अपील की है।

# भाजपा कार्यकताओं ने सुनी पीएम के मन की बात



अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच।विकासखंड नवाबगंज के ग्राम प्रधान अतुल कुमार सिंह रहीम नगर के नेतृत्व में पीएम मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात दर्जनों ग्रामीणो की उपस्थित में सुना। प्रधान अतुल कुमार सिंह अपने निवास पर 135 वें एपिसोड प्रधानमंत्री के मन की बात को सुना। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विचारो कों प्रसिद्ध मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के माध्यम से देशवासियों का आत्मविश्वास जागता हैं।यह कार्यक्रम देश के सैकड़ो लोगों को जोड़ने वाला जनसंवाद का एक सशक्त मंच है। इस मौके पर अजीत सिंह,बबलू सिंह, राजवंत सिंह, रामविहारी विश्वकर्मा, सतीश सिंह,सत्यम सिंह, संतोष सिंह,बुद्धि लाल, तिलक राम सुशीला देवी आदि लोग उपस्थित रहे

# रिसेप्शन हत्याकांड में युवती समेत 5 आरोपी गिरफ्तार

## आरोपियों की निशानदेही पर फरसा, लाठी-डंडा बरामद

अमन लेखनी समाचार




अमेठी , कमरौली थाना क्षेत्र में रिसेप्शन पार्टी के दौरान हुए खूनी संघर्ष में एक युवक की मौत के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवती सहित पांच नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त फरसा, लाठी और बांस का डंडा भी बरामद किया है।पुलिस के अनुसार, दो दिन पहले क्षेत्र के एक गांव में आयोजित रिसेप्शन कार्यक्रम के दौरान डांस करते समय एक बच्चे की शर्ट फट जाने को लेकर विवाद शुरू हुआ था। मामूली कहासुनी देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच मारपीट में बदल गई। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों परिवारों के लोग आमने-सामने आ गए और संघर्ष के दौरान कई लोग घायल हो गए।मारपीट में गंभीर रूप से घायल हुए ओमप्रकाश चौहान को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया था।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी.के. के निर्देश पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इसी क्रम में कमरौली थाना प्रभारी मुकेश कुमार पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर पांच वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सहजराम (62), पारसनाथ (33), विष्णु (20), बालक लाल (29) तथा लक्ष्मी (18) शामिल हैं। सभी आरोपी ग्राम पूरे मोलना मजरे बरसण्डा के निवासी बताए गए हैं।

# पुलिस ने कस्बा बाबागंज में चलाया चेकिंग अभियान

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। रुपईडीहा थाना क्षेत्र के कस्बा बाबागंज पुलिस नें शनिवार को यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने और अवैध वाहनों पर नकेल कसने के लिए एक विशेष अभियान चलाया। इस अभियान का नेतृत्व चौकी इंचार्ज बाबागंज शिवेश शुक्ला ने किया। अभियान के तहत कस्बे में संचालित मोटर साईकिल, ई-रिक्शा और टेंपो वाहनों की गहन जांच-पड़ताल की गई। पुलिस टीम ने शाम से ही कस्बे के चरदा मोड़ चौराहों पर चेकिंग अभियान शुरू किया। इस दौरान मोटर साईकिल, ई-रिक्शा और टेंपो चालकों से उनके वाहनों के दस्तावेज, पंजीकरण प्रमाणपत्र, चालक लाइसेंस, बीमा की जांच करते हुए 26000 रुपए का राजस्व वसूला गया। चौकी इंचार्ज श्री शुक्ला ने बताया कि यह अभियान यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने, अवैध रूप से संचालित वाहनों पर अंकुश लगाने और कस्बे में यातायात व्यवस्था को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से चलाया गया। अभियान के दौरान चालकों को यातायात नियमों का पालन करने और आवश्यक दस्तावेज हमेशा साथ रखने की सलाह दी गई। उन्होंने ये भी कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके कांस्टेबल अर्जुन मौर्य, सत्यम सोनी, धन्नू कुमार, सुनील यादव मौजूद रहे।

# मोहर्रम के तीसरे दिन तीजा पर कुरआनख्वानी व जुलूस का आयोजन

## रूपईडीहा करबला पर लंगर खाने का आयोजन किया गया जहां सैकड़ों लोगों ने लंगर खाया

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर

रूपईडीहा, बहराइच। मोहर्रम पर्व के तीसरे दिन तीजा के अवसर पर भारत-नेपाल सीमा से सटे कस्बे रूपईडीहा में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में अकीदतमंदों द्वारा कुरआनख्वानी और फातेहाख्वानी का सिलसिला जारी रहा। कस्बे की जामा मस्जिद रूपईडीहा में कुरआनख्वानी का आयोजन किया गया, जिसमें कस्बे के सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। वहीं कर्बला रूपईडीहा पर गरीबों और जरूरतमंदों के लिए लंगर खाने की व्यवस्था की गई, जिसमें कस्बे के सैकड़ों लोगों ने करबला पहुंचकर लंगर खाया। शाम करीब सात बजे तीजे का जुलूस चकिया चौराहे से निकला, जो कस्बे के विभिन्न मार्गों से होकर ?या हुसैन? के सदाओं के बीच कर्बला पहुंचा। वहां नात और मनकबत पढ़ी गईं, जिसके बाद जुलूस का समापन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय मोहर्रम चेहल्लुम कमेटी के अध्यक्ष हाजी अब्दुल माजिद अंसारी सहित अतीक अहमद, अनीस अहमद, हाफिज अतीक, नौशाद हुसैन, सगीर अहमद समेत बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे।

# अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान

## शिकायतों के बावजूद समाधान नहीं, गर्मी में जनजीवन प्रभावित

अमन लेखनी समाचार




सुल्तानपुर ,बल्दीराय विकास खंड स्थित हलियापुर विद्युत उपकेंद्र क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान हैं। भीषण गर्मी और उमस के कारण बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित होने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा है। प्रदेश सरकार जहां ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे विद्युत आपूर्ति का दावा करती है, वहीं हलियापुर के उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्हें निर्धारित समय के अनुसार बिजली नहीं मिल पा रही है। लगातार कटौती के कारण घरेलू कार्यों के साथ-साथ व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। क्षेत्र के कई उपभोक्ताओं, जिनमें राजू सिंह, अरविंद कुमार, जवाहर लाल, मुकेश यादव और विकास सिंह शामिल हैं, ने विद्युत विभाग के शिकायत केंद्र 1912 पर शिकायतें दर्ज कराई हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि शिकायत दर्ज होने के बाद भी विभागीय अधिकारियों द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। इस मामले में हलियापुर विद्युत उपकेंद्र के जूनियर इंजीनियर (जेई) परशुराम ने बताया कि क्षेत्र में बढ़े हुए विद्युत भार (ओवरलोड) के कारण आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि तकनीकी समस्या के समाधान के लिए विभाग स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं और जल्द ही स्थिति में सुधार लाने का प्रयास किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने विभागीय अधिकारियों से विद्युत व्यवस्था में सुधार कर नियमित और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। उनका कहना है कि गर्मी के मौसम में लगातार बिजली कटौती से आम जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

# गुंडा एक्ट आरोपी छह माह के लिए जिला बदर

## पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर जिले से बाहर किया

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़, कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से रानीगंज पुलिस ने एक आरोपी को छह माह के लिए जिला बदर किया है। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत न्यायालय के आदेश पर की गई, जिसके बाद आरोपी को जिले की सीमा से बाहर निष्कासित कर दिया गया। रानीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम भागीपुर विराहिमपुर निवासी मनोज कुमार के विरुद्ध कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अभिलेखों के अनुसार, मनोज पर मारपीट, गाली-गलौज, धमकी और आयुध अधिनियम सहित तीन मुकदमे दर्ज हैं। उसकी गतिविधियों को क्षेत्र में भय और अशांति फैलाने वाला माना गया, जिसके बाद उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम, 1970 की धारा 3(1) के तहत उस पर कार्रवाई की गई। जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के अनुपालन में रानीगंज पुलिस आरोपी के गांव पहुंची। ग्रामीणों की मौजूदगी में उसे आदेश की तामील कराई गई। आरोपी को स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि छह माह की निष्कासन अवधि के दौरान वह प्रतापगढ़ जनपद की सीमा या अपने गांव के आसपास पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी इसके बाद, पुलिस ने आरोपी को अपनी अभिरक्षा में लेकर नियमानुसार प्रतापगढ़ जनपद की सीमा से बाहर छोड़ दिया।

# ट्रैक्टर की टक्कर से नर्सिंग छात्रा की मौत

## पुलिसकर्मियों ने दौड़कर अस्पताल पहुंचाया, प्रैक्टिकल फाइल जांच कराने कॉलेज जा रही थी

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़, बेकाबू ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से नर्सिंग की छात्रा की मौत हो गई। छात्रा घायल होकर सड़क किनारे गिर गई थी। जिसके बाद पास में मौजूद थाने से पुलिस कर्मी बचाने के लिए दौड़े। पुलिसकर्मियों ने दौड़कर छात्रा को अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। छात्रा लालगंज ट्रामा सेंटर से ट्रेनिंग पूरी करने के बाद ई-रिक्शा से अपनी प्रैक्टिकल फाइल जांच कराने कॉलेज जा रही थी। सुबह करीब 11 बजे ट्रैक्टर ने उनके ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे छात्रा घायल होकर जमीन पर गिर गई। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय लोगों की मदद से घायल छात्रा को तुरंत एंबुलेंस के जरिए लालगंज ट्रामा सेंटर भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। लीलापुर थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की जानकारी मृतका के परिजनों को दे दी गई है। पुलिस के अनुसार, परिजनों की तरफ से तहरीर मिलने पर संबंधित ट्रैक्टर चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मामला लीलापुर थाना क्षेत्र के सगरा सुंदरपुर का बताया जा रहा है।

### ई-रिक्शा से कॉलेज जाते समय हादसा

मृतका की पहचान ज्योति यादव (21) के रूप में हुई है। वह कोतवाली क्षेत्र के उमरपट्टी थाना बाघराय निवासी सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी बृजलाल यादव की पुत्री थीं। वर्तमान में उनका परिवार लालगंज के शीतलमऊ में रहता है। ज्योति लीलापुर थाना क्षेत्र स्थित संजीवनी नर्सिंग कॉलेज की फाइनल ईयर की छात्रा थीं। सुबह करीब 11 बजे ज्योति लालगंज ट्रामा सेंटर में प्रशिक्षण के बाद अपनी प्रैक्टिकल फाइल जांच कराने के लिए कॉलेज जा रही थीं। वह ई-रिक्शा से यात्रा कर रही थीं।

### पुलिसकर्मियों ने दौड़कर अस्पताल पहुंचाया

सगरा सुंदरपुर पेट्रोल पंप के पास एक ट्रैक्टर ने उनके ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। टक्कर के कारण ज्योति गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी दीपक यादव मौके पर पहुंचे।

# संक्षेप

## दुष्कर्म पीड़िता ने लगाया गर्भपात, पुलिस पर लापरवाही का आरोप

### डीएम से न्याय की गुहार, जांच और कार्रवाई का आश्वासन मिला

बागपत के रमाला थाना क्षेत्र से एक गंभीर मामला सामने आया है। यहां एक दुष्कर्म पीड़िता ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि उसके साथ दुष्कर्म हुआ और गर्भवती होने पर उसका जबरन गर्भपात कराया गया। पीड़िता के अनुसार, आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर प्रेमजाल में फंसाया। उसने लंबे समय तक पीड़िता का शारीरिक और मानसिक शोषण किया। जब पीड़िता गर्भवती हुई, तो आरोपी पक्ष ने दबाव डालकर उसका गर्भपात करा दिया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। पीड़िता ने स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेने के बजाय उससे सबूत मांगे। पीड़िता का आरोप है कि उसे न्याय दिलाने में लगातार टालमटोल किया जा रहा है, जिससे वह परेशान और भयभीत है। पीड़िता ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उसने दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने का भी अनुरोध किया है, ताकि उसे न्याय मिल सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस मामले के सामने आने के बाद प्रशासनिक स्तर पर हलचल बढ़ गई है। जिलाधिकारी अस्मितलाल ने मामले की जांच कर उचित और विधिसम्मत कार्रवाई का आश्वासन दिया है। फिलहाल, पूरे प्रकरण की जांच जारी है और आगे की कार्रवाई जांच रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी।

## मेनका गांधी के बयान पर जैन समाज का विरोध

### धर्म जागृति युवा संस्थान ने एसडीएम को ज्ञापन दिया

बागपत , धर्म जागृति युवा संस्थान के सदस्यों ने गुरुवार को उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मेनका गांधी द्वारा दिगंबर जैन मुनियों की पवित्र पिच्छी और जैन धर्म के संबंध में दिए गए कथित बयान पर गहरा विरोध जताया। ज्ञापन में कहा गया है कि जैन धर्म का मूल सिद्धांत 'अहिंसा परमो धर्मः' है। इसमें मेनका गांधी द्वारा 15 लाख मोरों की हत्या संबंधी लगाए गए आरोपों को निराधार और तथ्यों से परे बताया गया। संस्थान का कहना है कि ऐसे बयानों से करोड़ों जैन अनुयायियों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं और समाज में भ्रम की स्थिति पैदा हुई है। प्रतिनिधिमंडल ने पूज्य दिगंबर जैन मुनियों के प्रति सार्वजनिक रूप से अपनाई गई भाषा और व्यवहार को अनुचित एवं असम्मानजनक बताया। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों और उनके संतों की गरिमा बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। संस्थान ने जिलाधिकारी के माध्यम से मेनका गांधी से सार्वजनिक क्षमा-याचना कराने की मांग की। इसके साथ ही, उन्होंने प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने और भविष्य में किसी भी धर्म या उसकी धार्मिक परंपराओं के संबंध में बिना पर्याप्त तथ्यों के ऐसे बयान न दिए जाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की अपील की। ज्ञापन सौंपने वाले सदस्यों में धर्म जागृति युवा संस्थान, बागपत के विकास जैन, यश जैन, निमित जैन, ऋषभ जैन, अरिहंत जैन और शौर्य जैन शामिल थे।

# भाजपा के खिलाफ अखिलेश यादव का ऑडिट वार

## प्रयागराज में जारी की पेपर लीक पर ऑडिट रिपोर्ट, भाजपा की कारगुजारियों पर अब तक तीन बुकलेट

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज , दो दिन के दौरे पर प्रयागराज पहुंचे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा की कारगुजारियों पर जारी कर रहे ऑडिट रिपोर्ट के क्रम में तीसरी बुकलेट जारी कर दी है। प्रयागराज प्रतियोगी छात्रों का गढ़ है, इसलिए यहां पर उन्होंने पेपर लीक की ऑडिट रिपोर्ट 3 जारी की है। इसमें उन्होंने 20 से अधिक परीक्षाओं में पेपर लीक का जिक्र किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में युवाओं का भविष्य अंधकारमय है। इस ऑडिट रिपोर्ट के जरिए वह भाजपा को घेर रहे हैं। अखिलेश यादव ने एक के बाद एक तीन ऑडिट रिपोर्ट जारी कर भाजपा के 'सुशासन' के दावों को डेटा के आधार पर ध्वस्त कर दिया है। यह सिर्फ एक राजनीतिक अभियान नहीं, बल्कि




भाजपा के हर गड़बड़झाले का कच्चा-चिट्ठा है। ऑडिट-3: 'पेपर लीक' का महापाप और युवाओं के लिए '7 न्याय गारंटी' प्रयागराज में जारी तीसरी ऑडिट रिपोर्ट के जरिए अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार की भर्ती प्रक्रिया का 'अष्ट-चरण मॉडल' उजागर किया है, जो युवाओं के लिए किसी दुःस्वप्न से कम नहीं है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा का भर्ती मॉडल इस प्रकार हैः 1. भर्ती विज्ञापन ? 2. परीक्षा ? 3. पेपर धांधली ? 4. सरकारी इंकार ? 5. लाठीचार्ज ? 6. हाईकोर्ट 7. सुप्रीम कोर्ट 8. भर्ती रद। सपा ने उन परीक्षाओं की सूची जारी की जो इस धांधली की भेंट चढ़ गईं। इनमें दरोगा भर्ती, जूनियर इंजीनियर भर्ती, ग्राम विकास अधिकारी, नलकूप चालक भर्ती, यूपी टीईटी, यूपी बोर्ड, सिपाही भर्ती, आरओ-एआरओ, और नीट (यूपी) जैसी महत्वपूर्ण परीक्षाएं शामिल हैं। अखिलेश यादव ने पीड़ित छात्रों का भविष्य सुरक्षित करने के लिए 7 सूत्रीय न्याय गारंटी का ऐलान किया है। उसमें प्रतियोगी परीक्षाओं में आयु सीमा में विशेष छूट दी जाएगी। भर्तियों को पूरा करने के लिए एक पारदर्शी और कड़ा कैलेंडर लागू होगा। छात्रों को लंबी दूरी न तय करनी पड़े, इसके लिए गृह जनपद या नजदीकी केंद्र सुनिश्चित होंगे। पेपर लीक रोकने के लिए फूल-प्रूफ और अत्याधुनिक परीक्षा प्रणाली अपनाई जाएगी। पेपर लीक कराने वाले माफियाओं और उन्हें संरक्षण देने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई होगी।

# भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष पर दर्ज केस 2 साल से पेंडिंग

## रोहित मिश्रा पर मारपीट-अश्लीलता के आरोप, यूपी कांग्रेस ने उठाया था सवाल

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज, दर्ज एक एफआईआर को लेकर उत्तर प्रदेश कांग्रेस ने भाजपा युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष रोहित मिश्रा की नियुक्ति पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस का दावा है कि उन पर गर्ल्स हॉस्टल के बाहर अश्लीलता और मारपीट जैसे गंभीर आरोप दर्ज हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि कई बार पुलिस अधिकारियों से शिकायत और आईजीआरएस पर प्रार्थना पत्र देने के बावजूद जांच आगे नहीं बढ़ी। वहीं, पुलिस का कहना है कि मामला अभी विवेचना में है और जांच पूरी होने के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।

### 11 जुलाई 2024 को दर्ज हुई थी एफआईआर

न्यू मम्फोर्डगंज की रहने वाली स्वाती सिंह पत्नी राहुल सिंह ने



कर्नलगंज थाने में 11 जुलाई 2024 को एक एफआईआर कराई। इसमें रोहित मिश्रा, निर्भय द्विवेदी समेत 30-40 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया। तहरीर में स्वाति सिंह ने बताया- मेरे बच्चे की तबीयत खराब थी। मेरे पति 27 जून की रात 1:30 बजे दवा लेने निकले। मेरे मकान के ऊपर गर्ल्स हॉस्टल है। हॉस्टल के बाहर रोहित मिश्रा अपने 3-4 साथियों के साथ खड़े थे ।मेरे पति ने वहां खड़े होने का कारण पूछा तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर डंडों, लात-घूंसों से मारपीट की गई, जिससे पति के सिर, पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और बीच-बचाव कराया। इसके बाद रोहित मिश्रा ने जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि पुलिस और डीएम भी मेरा कुछ नहीं कर पाएंगे। मेरे पति ने 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को सूचना दी ।पुलिस के आने पर अपनी जान बचाई ।यह 27 जून रात की घटना का सीसीटीवी फुटेज की तस्वीर है, इसमें पीला कुर्ता पहने व्यक्ति रोहित मिश्रा है, जो अपने साथियों के साथ मिलकर नीली टी-शर्ट पहने राहुल सिंह की पिटाई करता दिख रहा है।

# नवाब सिंह नागर बने भाजपा पश्चिम के क्षेत्रीय अध्यक्ष

### जातीय समीकरण साधते हुए भाजपा ने गुर्जर चेहरे पर खेला दांव



अमन लेखनी समाचार

मेरठ ,यूपी सरकार में पूर्व मंत्री रहे नवाब सिंह नागर अब भाजपा पश्चिम क्षेत्र के नए क्षेत्रीय अध्यक्ष होंगे। भाजपा प्रदेश संगठन ने लंबे इंतजार के बाद बृहस्पतिवार को क्षेत्रीय अध्यक्षों के नामों की घोषणा कर दी है। इसमें पश्चिम का क्षेत्रीय अध्यक्ष नवाब सिंह नागर को बनाया गया है। पार्टी ने इस बार गुर्जर चेहरे पर दांव खेला है। जातीय समीकरणों को साधते हुए इस बिरादरी के कद्दावर और चर्चित नाम नवाब सिंह नागर को क्षेत्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है ।कौन हैं नबाव सिंह नागरनवाब सिंह नागर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश भाजपा के वर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। गौतम बुद्ध नगर (दादरी) के मूल निवासी, नागर उत्तर प्रदेश सरकार में पूर्व मंत्री रह चुके हैं और 1996 से 2007 तक दादरी से दो बार विधायक के रूप में कार्य कर चुके हैं। गौतमबुद्धनगर दादरी से दो बार विधायक (1996-2007) और उत्तर प्रदेश सरकार में पूर्व मंत्री रहे हैं। 1980 में भाजपा के गठन के समय नोएडा के प्रथम मंडल अध्यक्ष का दायित्व निभाया। मात्र 21-22 वर्ष की उम्र में मंडल अध्यक्ष बनने वाले नागर लंबे समय से उत्तर प्रदेश, विशेषकर पश्चिमी यूपी और नोएडा में पार्टी संगठन को मजबूत करने में सक्रिय रहे हैं। उन्होंने 1996 और 2002 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में दादरी से लगातार जीत हासिल की। वे लाल बहादुर शास्त्री गन्ना विकास बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। नबाव सिंह नागर के क्षेत्रीय अध्यक्ष बनने की घोषणा हो रही थी उधर नबाव सिंह नोएडा में निर्जला एकादशी पर जल भंडारा कर रहे थे। नोएडा सेक्टर-52 में निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर फोनरवा द्वारा आयोजित शरबत वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर सेवा के इस पुनीत कार्य में सहभागिता की।

# मैं मरने जा रहा हूं जल्दी आ जा...गोली मार ली

## रेप की एफआईआर से परेशान बॉयफ्रेंड ने सुसाइड किया, दोस्त को कॉल कर बुलाया

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , 'सुन, मैं मरने जा रहा हूं, तुझे आना है तो जल्दी आज्ञ' 10 सेकंड की कॉल में इतनी बात बोलकर मेरठ के साकिब ने अपने दोस्त शादमान को मिलने के लिए बुलाया। उसके पहुंचने से पहले ही गोली मारकर सुसाइड कर लिया। जिस दोस्त को उसने कॉल किया वह मौके पर पहुंचा तो साकिब खून से लथपथ मिला। उसके सीने में बाईं तरफ गोली लगी थी। उसने साकिब के घर वालों को कॉल कर बुलाया। परिवार के लोग उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, लेकिन उसने पहले ही दम तोड़ दिया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिवार के लोगों ने साकिब की गर्ल फ्रेंड और उसके परिवार के ऊपर आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है। गर्लफ्रेंड ने 15 दिन पहले उसके और उसके दो भाईयों पर रेप का मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद से वह तनाव में था। घटना की जानकारी पर एसपी देहात और सीओ सरधना भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने



साकिब
मृतक

वह तमंचा भी बरामद कर लिया है, जिससे सुसाइड किया। घटना सरधना थाना क्षेत्र की है। मोहल्ला जोगियान निवासी साकिब के घर में उसके तीन भाई और पिता सैफुद्दीन हैं। साकिब साप्ताहिक बाजार में कपड़ों की दुकान लगाता था। मेरठ सहित आसपास के जिलों में लगने वाली साप्ताहिक बाजार (पैंठ) में साकिब और उसके भाई कपड़ों की दुकान लगाते थे। उसकी प्रेमिका का परिवार मेरठ शहर में रहता है। उसका परिवार पेंटिंग और मिस्त्री का काम करता है। साकिब के भाई आमिल ने बताया कि शाम करीब 7 बजे किसी काम की बात कहकर साकिब घर से बाहर निकला था। इसके बाद उसने अपने दोस्त को फोन किया। दोस्त को ही बताया कि वो सुसाइड कर रहा है। घर से लगभग 12 किमी दूर जाकर अटेरना नहर के पास उसने सुसाइड किया। वहां से उसकी बॉडी मिली।

### 4 साल से अफेयर, 2 लाख से ज्यादा खर्च कराए

आमिल ने पुलिस को बताया कि उसका 22 साल का भाई साकिब मेरठ ब्रहमपुरी थानाक्षेत्र लिसाड़ी गेट निवासी युवती से बातचीत करता था। पिछले 4 सालों से साकिब और उस युवती में बातचीत थी। वह अक्सर साकिब से मिलती थी। उससे लंबे समय से पैसे लेती थी। प्रेमिका अक्सर साकिब से खर्चे के लिए पैसा मांगती थी।

# जलजीवन मिशन की टंकियों से चुराई इन्वर्टर बैट्री

### मेरठ पुलिस ने गिरोह को पकड़ा, चोरी कर दोगुने दामों में बेचते थे

अमन लेखनी समाचार



मेरठ,सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना को निशाना बनाने वाले एक शातिर चोर गिरोह का पुलिस ने गुरुवार दोपहर खुलासा किया है। यह गिरोह गांवों में बनी पानी की टंकियों से इनवर्टर और बैटरियां चोरी कर उन्हें बाजार में बेच देता था। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 12 बैटरियां और 6 इनवर्टर बरामद किए हैं, जिनकी कीमत करीब साढ़े तीन लाख रुपए बताई जा रही है। लगातार हो रही चोरियों से जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। शिकायतों के बाद पुलिस ने विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों और यक्ष ऐप की मदद से आरोपियों तक पहुंची पुलिस ने गिरोह का पदार्फाश कर दिया। पुलिस अब इनके अन्य साथियों की तलाश में जुटी है। दौराला से दबोचे गए चार आरोपी एसपी सिटी विनायक गोपाल भोसले ने पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता कर बताया कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के तहत स्थापित पानी की टंकियों से इनवर्टर और बैटरियां चोरी होने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी के निर्देश पर दौराला पुलिस समेत कई टीमों का गठन किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने सलीम पुत्र हशमत, इमरान पुत्र लियाकत, शमशाद पुत्र साहिल और गुफरान पुत्र खिलाफत को गिरफ्तार कर लिया।

# बस ने 2 दोस्तों को रौंदा, मौत

## ड्यूटी से वापस लौट रहे थे, ड्राइवर गाड़ी छोड़कर फरार हुआ

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद ,मुरादनगर में दिल्ली-मेरठ मार्ग पर शाम तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार दो दोस्तों को कुचल दिया। हादसा इतना भीषण था कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद चालक बस लेकर फरार हो गया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उसकी तलाश कर रही है। मृतकों की पहचान डिडौली निवासी विपिन त्यागी (45) और भूपेंद्रपुरी कॉलोनी, मोदीनगर निवासी जयपाल सिंह (62) के रूप में हुई है। दोनों बसंतपुर सैतली स्थित एक टायर फैक्ट्री में काम करते थे और रोज की तरह एक ही बाइक से ड्यूटी पर गए थे। जानकारी के अनुसार, शाम करीब साढ़े छह बजे दोनों फैक्ट्री से निकले। शाम करीब सात बजे जब उनकी बाइक बसंतपुर सैतली गेट के आगे यू-टर्न के पास पहुंची, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस ने ओवरटेक करने के प्रयास में बाइक को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों कई फीट दूर सड़क पर जा गिरे। स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

### आगे निकलने की होड़ बनी मौत की वजह

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस चालक काफी तेज गति से वाहन चला रहा था। वह दूसरी बस से आगे निकलने की कोशिश कर रहा था। यू-टर्न और स्पीड ब्रेकर होने के



बावजूद चालक ने रफ्तार कम नहीं की, जिसके कारण बाइक उसकी चपेट में आ गई। हादसे के बाद चालक बस लेकर मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि बस में 50 से अधिक यात्री सवार थे ।20 मिनट तक लगा जामदुर्घटना के बाद दिल्ली-मेरठ मार्ग पर करीब 20 मिनट तक यातायात प्रभावित रहा। सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात सामान्य कराया। हादसे में बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। परिवारों पर टूटा दुखों का पहाड़सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजनों के अनुसार विपिन त्यागी परिवार के मुख्य कमाऊ सदस्य थे और उनकी आय से ही पूरे परिवार का खर्च चलता था। एक ही हादसे में दो दोस्तों की मौत से फैक्ट्री कर्मियों और क्षेत्र में भी शोक का माहौल है।

# कांग्रेस ने फूंका 'छात्रों की गूंज' अभियान का बिगुल

## सांसद राहुल कस्वां बोले- एनटीए बन गई 'नेशनल ट्रॉमा एजेंसी', पेपर लीक को लेकर सरकार को घेरा

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, कांग्रेस ने अपने राष्ट्रव्यापी अभियान 'छात्रों की गूंज' की शुरूआत मेरठ से की। कार्यक्रम में कांग्रेस सांसद राहुल कस्वां ने अभियान का पोस्टर लॉन्च कर देशभर में छात्रों और युवाओं से जुड़े मुद्दों को उठाने का ऐलान किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और शिक्षा व्यवस्था पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि युवाओं का भविष्य लगातार पेपर लीक, भर्ती घोटालों और अव्यवस्थित परीक्षा प्रणाली की भेंट चढ़ रहा है। राहुल कस्वां ने बताया कि 40 दिनों तक चलने वाले इस अभियान के तहत कांग्रेस देश के 28 प्रमुख शहरों में छात्रों, प्रतियोगी अभ्यर्थियों, कोचिंग संस्थानों, कॉलेज परिसरों, पुस्तकालयों और युवा समूहों के बीच पहुंचकर संवाद करेगी। कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष रंजन शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष अवनीश काजला समेत कई कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।




### एनटीए को बताया 'नेशनल ट्रॉमा एजेंसी'

सांसद राहुल कस्वां ने कहा कि भाजपा सरकार ने एनटीए को परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और सुधार के नाम पर लागू किया था, लेकिन आज यह संस्था करोड़ों छात्रों के लिए ₹नेशनल ट्रॉमा एजेंसी₹ बन गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार के कार्यकाल में 89 से अधिक पेपर लीक के मामले सामने आए हैं और कई बड़ी परीक्षाएं विवादों में घिरी हैं।

### एनटीए विवाद का किया जिक्र

कांग्रेस सांसद ने कहा कि पेपर लीक प्रकरण शिक्षा व्यवस्था की गंभीर खामियों को उजागर करता है। उनके मुताबिक लाखों छात्रों की वर्षों की मेहनत और परिवारों की उम्मीदें भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गईं। उन्होंने दावा किया कि परीक्षा अनियमितताओं के कारण देशभर में कई छात्र मानसिक तनाव का शिकार हुए।

### शिक्षा मंत्री पर साधा निशाना

राहुल कस्वां ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर भी निशाना साधते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था में लगातार सामने आ रही खामियों की नैतिक जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जवाबदेही तय करने के बजाय संबंधित लोगों को बचाने का काम कर रही है।

### 'शिक्षा व्यवस्था आईसीयू में पहुंच चुकी'

कांग्रेस सांसद ने कहा कि समस्या केवल ठएएळ तक सीमित नहीं है। पेपर लीक, भर्ती घोटाले, खाली पद, महंगी कोचिंग व्यवस्था, बार-बार रद्द होती परीक्षाएं और बढ़ती बेरोजगारी ने युवाओं का भरोसा तोड़ दिया है। उनके अनुसार देश की शिक्षा व्यवस्था गंभीर संकट के दौर से गुजर रही है ।10 साल में 89 पेपर लीक के दावेकार्यक्रम के दौरान राहुल कस्वां ने दावा किया कि पिछले 10 वर्षों में 89 पेपर लीक के मामले सामने आए, जिनसे करीब 6.5 करोड़ अभ्यर्थी प्रभावित हुए।

# गोल्डन आई मॉल की कमर्शियल बिल्डिंग में लगी आग

### दमकल की पांच गाड़ियां मौके पर भेजी गई, 40 मिनट में आग पर पाया काबू

अमन लेखनी समाचार



नोएडा ,ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गोल्डन आई मॉल की कमर्शियल बिल्डिंग के टी-3 टावर की नौवीं मंजिल पर सवा दस बजे अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने फैलने लगी। आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी। जिससे काला धुंआ निकलने लगा। सीएफओ प्रदीप कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। फायर कर्मी आग पर काबू पा लिया गया है। ऊचाई ज्यादा होने की वजह से इमारत में लगे उपकरणों का प्रयोग किया गया। इस दौरान इमारत में लगे फायर उपकरणों की मदद ली गई। जिससे आग पर काबू पाया गया। एग्जास्ट के जरिए धुंए को बाहर निकाला गया।

# जीआईएमएस में धरना हटाने पर सपा का हंगामा

## कलेक्ट्रेट के बाहर सड़क जाम प्रबंधन बोला- ओपीडी हो रही थी प्रभावित

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर ,ग्रेटर नोएडा के राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान में आउटसोर्स कर्मचारियों का 10 दिनों से चल रहा धरना खत्म कराए जाने के विरोध में समाजवादी पार्टी सड़क पर उतर आई। सपा कार्यकताओं ने जिला कलेक्ट्रेट के बाहर सड़क जाम कर प्रदर्शन किया और भाजपा सरकार पर कर्मचारियों की आवाज दबाने का आरोप लगाया। सपा जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी के नेतृत्व में पहुंचे कार्यकताओं ने धरना समाप्त कराने की कार्रवाई को तानाशाही बताते हुए नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि देर रात पुलिस बल का इस्तेमाल कर धरना खत्म कराया गया और आंदोलन में शामिल कर्मचारियों को हिरासत में लिया गया। कुछ देर तक सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करने के बाद पुलिस ने कार्यकताओं को समझाने का प्रयास किया। बाद में सभी को कलेक्ट्रेट परिसर ले जाया गया।

### सपा बोली- लोकतांत्रिक आंदोलन को कुचला जा रहा



सपा जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि भाजपा सरकार पुलिस के सहारे लोकतांत्रिक आंदोलनों को दबाने का काम कर रही है। उनका कहना था कि कर्मचारी अपनी जायज मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से धरना दे रहे थे, लेकिन सरकार ने बातचीत के बजाय बल प्रयोग का रास्ता चुना। उन्होंने कहा कि सपा कर्मचारियों के साथ खड़ी है और उनकी आवाज को आगे तक उठाएगी।

# नोएडा में 16 लाख का गांजा पकड़ा

## ट्रेन से बंगाल से लाते थे खेप, 62 किलो से ज्यादा गांजा बरामद; 2 तस्कर गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

नोएडा , थाना फेज-1 पुलिस ने अंतरराज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कब्जे से 62 किलो 400 ग्राम गांजा बरामद किया है। इस गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 16 लाख रुपए है ।एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर ही दोनों को सेक्टर-8 नर्सरी गेट से गिरफ्तार किया। इनकी पहचान मोहम्मद मुजफ्फर अंसारी और टिंकू के रूप में हुई है। दोनों सेक्टर-9 की जेजे कॉलोनी के रहने वाले हैं।

### ट्रेन की अलग-अलग बोगियों में रखते थे गांजे के पैकेट




पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे पश्चिम बंगाल से गांजा छोटे-छोटे पैकेटों में पैक कर ट्रेन के जरिए दिल्ली लाते थे। शक से बचने के लिए इन पैकेटों को ट्रेन की अलग-अलग बोगियों में रखवाया जाता था। दिल्ली पहुंचने के बाद सभी पैकेटों को एक जगह इकट्ठा कर बड़ी बोरी में भर लिया जाता था। दिल्ली स्टेशन पर न पकड़े जाए इसलिए आसपास के छोटे स्टेशनों पर उतर जाते थे ।किराए की ऑटो से लाते थे नोएडाइसके बाद किराए के ऑटो और ई-रिक्शा की मदद से गांजे की खेप नोएडा और आसपास के इलाकों में फुटकर विक्रेताओं तक पहुंचाते है। आरोपी इस अवैध कारोबार से मोटा मुनाफा कमाते थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना फेस-1 में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है।

# विभा यादव ने बीपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल कर बढ़ाया झांसी का मान

अमन लेखनी समाचार

मोंठ (झांसी)। मोंठ क्षेत्र के ग्राम टांडा निवासी गुलाब सिंह यादव की पुत्री विभा यादव ने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की परीक्षा उत्तीर्ण कर जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) पद पर चयनित होकर जनपद झांसी एवं अपने ग्राम टांडा का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर है। इस अवसर पर अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के मंडल अध्यक्ष प्रदीप यादव टांडा ने विभा यादव के आवास पहुंचकर उन्हें पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मंडल अध्यक्ष प्रदीप यादव टांडा ने कहा कि विभा यादव की सफलता पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि निरंतर मेहनत, सही मार्गदर्शन और आत्मविश्वास के बल पर कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और उसे हासिल करने का दृढ़ संकल्प हो तो कोई भी प्रतियोगी परीक्षा कठिन नहीं होती। उन्होंने युवाओं से धैर्य, अनुशासन और समर्पण के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाज की बेटियां और युवा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने गांव, समाज और जनपद झांसी का नाम रोशन कर रहे हैं, जो सभी के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर यदुवंशी महासभा के जिला सचिव साहब सिंह उजयान, गुलाब सिंह यादव, मोठ ब्लॉक अध्यक्ष पृथ्वी यादव सारन, अजमेर यादव, आकाश यादव (मोड़ खुर्द), दीपक यादव (टहरौली), योगेंद्र यादव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अंतरप्रांतीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह के दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी व चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करने हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुणवाल के कुशल निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय के पर्यवेक्षण में थाना बभनी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना बभनी पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 132/2026, धारा 303(2), 317(2) बीएनएस से संबंधित दो अंतरप्रांतीय वांछित अभियुक्तों को आज दिनांक 27.06.2026 को समय लगभग 08:35 बजे मुखबिर की सूचना पर कारीडाड़ आश्रम तिराहा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन संख्या वढ64अफ1539), जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 80,000 है, बरामद की गई।

# दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

अमन लेखनी समाचार



हरदोई। थाना मल्लावां पुलिस ने दुष्कर्म के एक मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, 13 मई 2026 को पीड़िता की तहरीर के आधार पर थाना मल्लावां में मुकदमा संख्या 246/2026, धारा 64(1), 333, 115(2) एवं 351(3) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि ग्राम धनीगंज मजरा बाबटामऊ, थाना मल्लावां निवासी विपिन उर्फ वीपी पुत्र अशोक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। मामले की विवेचना एवं अभियुक्त की तलाश के दौरान थाना मल्लावां पुलिस ने आरोपी विपिन उर्फ वीपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# ईसीआरकेयू की विशेष बैठक में उठा प्रशासनिक तानाशाही का मुद्दा

**रेलकर्मियों के मुद्दों पर करेंगे व्यापक आंदोलन – श्रीवास्तव।**

अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र। ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन धनबाद मंडल की एक विशेष बैठक शनिवार को ईसीआरकेयू धनबाद वन शाखा कार्यालय में आयोजित हुई। इसमें मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में ईसीआरकेयू के महामंत्री एस एन पी श्रीवास्तव उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता सह संचालन केन्द्रीय सहायक महामंत्री सह डिविजनल कोर्डिनेटर ओमप्रकाश ने किया। इस मौके पर केन्द्रीय उपाध्यक्ष मनीष कुमार, पूर्व केंद्रीय पदाधिकारी बी के सिंह, केन्द्रीय संगठन मंत्री नेताजी सुभाष तथा एआईआरएफ जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा उपस्थित रहे। बैठक में संगठन को मजबूत करने और रेलकर्मियों के विभिन्न मुद्दों पर सभी शाखाओं के सचिव सहित केन्द्रीय पदाधिकारियों ने अपनी बात रखी उपस्थित सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश साझा करते हुए कॉमरेड श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि आज धनबाद मंडल के रेलकर्मी प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा संरक्षा नियमों को ताक पर रख कर तानाशाही आदेशों द्वारा रेलकर्मियों पर काम करने का दबाव दिया जा रहा है। इसके तहत सबसे ज्यादा रनिंग कर्मचारी और ट्रैक मेंटेनर्स त्रस्त हो रहे हैं। आवासों की हालत गंभीर होती जा रही है, बेवजह स्थानांतरण किया जा रहा है, बड़ी संख्या में बात बेबात चार्जशीट दिया जा रहा है, काम कराने के घंटों का कोई रोस्टर नहीं है, एक कर्मचारी को दूसरे कर्मचारी को छोटी-छोटी बातों पर लड़ाया जा रहा है। ईसीआरकेयू इन सभी बातों को लेकर मंडल स्तर पर रेलकर्मियों में व्यापक जागरुकता पैदा कर मंडलीय कार्यालय पर धरना व प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने सभी रेलकर्मियों का आह्वान किया कि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों और एकजुट होकर ईसीआरकेयू के बैनर तले होने वाले आंदोलन के तहत धरना और प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शामिल हों। उक्त जानकारी देते हुए ईसीआरकेयू चोपन वन के शाखा सचिव उमेश कुमार सिंह ने बताया कि बैठक के अंतिम चरण में ईसीआरकेयू के पूर्व केंद्रीय पदाधिकारी रंजीत राय तथा बी एन सिंह की मृत्यु पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस विशेष बैठक में अजय कुमार तिवारी, जितेन्द्र कुमार साव, पी के सिन्हा, बी के साव, आर के सिंह, ए के दास, सरयू प्रसाद, एम पी महतो, आर प्रसाद, पी सिंह, विशाल कुमार पासवान, रंजीत कुमार यादव, रविन्द्र कुमार रवानी, दीनबंधु कुमार, बिमान मंडल, अजय कुमार सिन्हा, राजेश कुमार गोप, मो इजहार आलम, सी एस प्रसाद, दिलीप कुमार, परमेश्वर कुमार, रुपेश कुमार, एस चक्रवर्ती मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

खास समाचार

## पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ, बच्चों को पिलाई गई 'दो बूंद जिंदगी की' खुराक

अमन लेखनी समाचार

गरौठा (झांसी)। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत रविवार को पोलियो दिवस के अवसर पर बामौर ब्लॉक के सभी बूथों एवं केंद्रों पर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई गई। अभियान का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखना है। बामौर ब्लॉक के ग्राम कचीर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर अभियान का शुभारंभ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि साहब सिंह यादव एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य हेमन्त यादव ने संयुक्त रूप से बच्चों को 'दो बूंद जिंदगी की' पिलाकर किया। इस दौरान अभिभावकों से अपने सभी छोटे बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाने की अपील भी की गई। कार्यक्रम में एएनएम सरोज कुमारी, आशा कार्यकर्ता विंदवती, आंगनबाड़ी कार्यकत्री आमना वानो तथा सहायिका दीपिका सहित अन्य स्वास्थ्य एवं आंगनबाड़ी कर्मी उपस्थित रहे। एएनएम सरोज कुमारी ने बताया कि अभियान के तहत आगामी पांच दिनों तक स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगी, ताकि कोई भी बच्चा इस सुरक्षा कवच से वंचित न रहे। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों का नियमित टीकाकरण समय पर कराने तथा स्वास्थ्य विभाग के अभियान में सहयोग करने की अपील की।

## मारपीट में दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल, केस दर्ज, आरोपियों की गिरफ्तारी की उठी मांग

अमन लेखनी समाचार

मिजार्पुर। विंध्याचल थाना क्षेत्र के दुगारहा बिरौरा गांव में 25 जून को हुई मारपीट की घटना में दो महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मारपीट का मामला सामने आया है। विंध्याचल पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दुगारहा गांव निवासी रफीक अली ने बताया कि विवाद के दौरान उसकी चाची और माता जी पर लाठी डंडे और ईट पत्थर से हमला किया गया। दोनों लोगों को गंभीर चोटें आई हैं और उनका इलाज चल रहा है। रफीक ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। पीड़ित रफीक का आरोप है कि विपक्षी पक्ष के खिलाफ पहले से कई मारपीट के मुकदमे दर्ज हैं। गांव के लोगों से आए दिन यह लोग मारपीट की घटनाओं को अंजाम देते है।

## नवीन जिन्दल फाउंडेशन की मोबाइल मेडिकल यूनिट्स में 262 लोग हुए लाभान्वित

**ओपी जिन्दल पार्क में स्वास्थ्य जांच, निःशुल्क दवा वितरण और रक्त एवं युरिन परीक्षण के माध्यम से लोगों ने उठाया लाभ।**

अमन लेखनी समाचार

कुरुक्षेत्र। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में नवीन जिन्दल फाउंडेशन निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को फाउंडेशन द्वारा संचालित दो मोबाइल मेडिकल यूनिट्स ने थानेसर विधानसभा क्षेत्र स्थित ओपी जिन्दल पार्क में स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर 262 लोगों को चिकित्सा सेवाएं प्रदान की। इस शिविर के दौरान स्थानीय नागरिकों ने अपने घरों के नजदीक ही निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाया। आसपास के गांवों से पहुंचे लोगों ने भी स्वास्थ्य जांच और चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया। चिकित्सक डॉ. पूर्णमल और डॉ. प्रमोद ने बताया कि शिविर में मरीजों की विस्तृत स्वास्थ्य जांच की गई तथा उनकी स्थिति के अनुसार आवश्यक परामर्श दिया गया। इस दौरान रक्तचाप, मधुमेह सहित अन्य सामान्य बीमारियों की जांच की गई। कुल 216 जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं

# उच्च प्राथमिक विद्यालय कचीर में आयोजित हुई शिक्षक-अभिभावक बैठक, हॉलिस्टिक कार्ड वितरित

अमन लेखनी समाचार





गरौठा (झांसी)। विकासखंड बामौर अंतर्गत ग्राम कचीर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में रविवार को शिक्षक-अभिभावक बैठक (पीटीएम) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान प्रतिनिधि साहब सिंह यादव ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र पंचायत सदस्य हेमन्त यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। बैठक में विद्यालय के शिक्षकों एवं अभिभावकों ने बच्चों की शिक्षा, नियमित उपस्थिति तथा उनके सर्वांगीण विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि साहब सिंह यादव ने अभिभावकों से अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने की अपील करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बच्चों में अच्छे संस्कार विकसित करना भी उतना ही आवश्यक है। मुख्य अतिथि क्षेत्र पंचायत सदस्य हेमन्त यादव ने कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में अभिभावकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई पर नियमित ध्यान देने तथा विद्यालय से निरंतर संपर्क बनाए रखने का आग्रह किया। बैठक के दौरान विद्यार्थियों को होल्डिंग कार्ड भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद्र कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर सहायक अध्यापक अनिल कुमार गुप्ता, एएनएम सरोज कुमारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री आमना वानो, सहायिका दीपिका यादव, गुलजारी जायसवाल, मदन यादव, मुन्ना जायसवाल, जसपाल शर्मा, वीर सिंह, हरदयाल, इस्लाम खां सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने हर्षोल्लास के साथ मनाया हिंदू साम्राज्य स्थापना दिवस उत्सव

**सोनभद्र नगर स्थित रामलीला मैदान परिसर में हुआ आयोजन।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सोनभद्र नगर द्वारा हिंदू साम्राज्य स्थापना दिवस उत्सव के अनुक्रम में शनिवार को सोनभद्र नगर स्थित रामलीला मैदान में हिंदू साम्राज्य स्थापना दिवस का कार्यक्रम अत्यंत हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्रपति शिवाजी महाराज, परम पूजनीय डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार (डॉक्टर साहब) एवं परम पूजनीय श्री गुरुजी (माधव सदाशिव गोलवलकर) के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर, एकल गीत एवं अमृत वचन के साथ हुआ। कार्यक्रम में प्रांत संघ चालक अंगराज, जिला संघ चालक हर्ष अग्रवाल तथा नगर संघ चालक संगम मंचासीन रहे। प्रांत संघ चालक अंगराज ने अपने बौद्धिक उद्बोधन में कहा कि हिंदू साम्राज्य दिवस केवल एक ऐतिहासिक उत्सव नहीं, बल्कि स्वराज्य, आत्मगौरव, संगठन और राष्ट्रचेतना का प्रेरणादायी पर्व है। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक भारतीय इतिहास की वह गौरवशाली घटना है, जिसने निराशा के वातावरण में समाज में आत्मविश्वास का संचार किया तथा हिंदवी स्वराज्य की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज ने अपने अद्वितीय पराक्रम, कुशल नेतृत्व, सुशासन, संगठन क्षमता एवं दूरदर्शी नीतियों के बल पर राष्ट्र, धर्म और संस्कृति की रक्षा का कार्य किया। उन्होंने महिलाओं के सम्मान, न्यायपूर्ण शासन, अनुशासित सेना, सुदृढ़ प्रशासन तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चलने की नीति अपनाई, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए समाज में संगठन, समरसता, सेवा और राष्ट्रीय चेतना के कार्यों को गति दें तथा संघ के शताब्दी वर्ष में अधिकाधिक लोगों को राष्ट्र निर्माण के इस अभियान से जोड़ें। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला कार्यवाह दिनेश ने किया तथा कार्यक्रम का समापन संघ की प्रार्थना के साथ हुआ। कार्यक्रम में सह नगर संघ चालक संतोष, विभाग के रामलगन, अवध, नीरज, जिला व्यवस्था प्रमुख कीर्तन, जिला प्रचार प्रमुख नीरज, नगर कार्यवाह विश्वनाथ, सह नगर कार्यवाह अनिल, नगर प्रचार प्रमुख कृष्ण प्रताप, नगर व्यवस्था प्रमुख जे.बी. सिंह, नगर शारीरिक प्रमुख नीतीश, नगर व्यवस्था प्रमुख जंग बहादुर, नगर बौद्धिक प्रमुख कृष्ण कुमार, महाविद्यालय विद्यार्थी प्रमुख आशुतोष, विद्यार्थी कार्य प्रमुख अंकित, विनय, बच्चन, ललित, विनोद, नित्यानंद, पवन, धीरज, सत्यम सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बस्ती में बनेगा एथेनालः 350 करोड की लागत से फैक्ट्री का निर्माण दसिया में शुरू

अमन लेखनी समाचार



बस्ती। बस्ती, वाल्टरगंज सुगर मिल के बंद हो जाने के बाद जनपद में एथनाल उत्पादन के लिये बड़ी फैक्ट्री का निर्माण सल्टौआ गोपालपुर विकास खण्ड क्षेत्र के दसिया में हो रहा है। कारखाने के शीघ्र शुरू हो जाने की उम्मीद है। इसके शुरू होने से लगभग 700 लोगों को सीधे और 2 हजार लोगों को अपरोक्ष रोजगार मिलेगा। अनीता डिस्टलरी प्राइवेट लिमिटेड के टेक्निकल अधिकारी पी.एन. पाण्डेय ने बताया कि लगभग 350 करोड़ की लागत से बनने वाले कारखाने में एथनाल का निर्माण किया जायेगा। उन्होने बताया कि कारखाने में प्रदूषण नियंत्रण की पूरी व्यवस्था की गई है। बताया कि मक्का और चावल से एथनाल पैदा किया जायेगा। इससे जहां ऊर्जा संकट दूर होगा वहीं विदेशी मुद्रा की भी बचत होगी। भारत सरकार की संस्तुति पर बन रहे कारखाने में भूजल यानी पानी से नहीं धान, मक्का और भूसी से इथेनाल बनेगा। कम्पनी का खुद का 7 मेगावट का पावर प्लांट, वायु प्रदूषण मुक्त 72 मीटर ऊँची चिमनी, लगभग 350 करोड़ की लागत से बनने वाली फैक्ट्री, 6 से 8 सौ कर्मचारी, जल प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानक पर खरा उतरने वाला प्लांट, सैकड़ों लोगों को होटल, चाय, पानी, बिस्कुट, सुर्ती बीड़ी, गुटखा जैसे दुकान खोलने वालों को अप्रत्यक्ष रोजगार देगा। यह पूंछे जाने पर कि कुछ लोग किस आधार पर फैक्ट्री निर्माण का विरोध कर रहे हैं निदेशक सुधीर जायसवाल ने बताया कि यह उनका अपना निजी दृष्टिकोण है। यहां फैक्ट्री पूरे मानक और नियमों के अनुसार हो रहा है। इससे क्षेत्र के किसानों और बेरोजगारों को सर्वाधिक लाभ होगा।

# सदर तहसील के समक्ष अधिवक्ताओं ने नारेबाजी कर किया विरोध प्रदर्शन

**–तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं मनमानी का लगाया आरोप।**

**–डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन ने 4 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। सदर तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं मनमानी के विरुद्ध शनिवार को तहसील के समक्ष अधिवक्ताओं ने नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही अपने 4 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने शनिवार को उप जिलाधिकारी, रॉबर्ट्सगंज को ज्ञापन सौंपकर तहसील रॉबर्ट्सगंज में व्याप्त भ्रष्टाचार, अनियमितताओं एवं मनमानी कार्यशैली के विरुद्ध कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। डीबीए के पूर्व अध्यक्ष जगजीवन सिंह एडवोकेट ने कहा कि तहसील में अनेक वादों का निस्तारण बिना संबंधित पक्षों एवं अधिवक्ताओं को समुचित अवसर दिए किया जा रहा है, जो प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि नायब तहसीलदार विजयगढ़ द्वारा वादों का त्वरित एवं मनमाने ढंग से निस्तारण किया जा रहा है, जिससे अधिवक्ताओं एवं वादकारियों में व्यापक असंतोष व्याप्त है। आगे कहा कि कुछ वादकारियों द्वारा अवैध धनराशि लेकर प्रकरणों के निस्तारण किए जाने संबंधी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इन आरोपों की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। बार एसोसिएशन के महामंत्री राजेंद्र कुमार यादव एडवोकेट ने कहा कि अधिवक्ताओं की बातों को गंभीरता से नहीं सुना जाता तथा वादकारियों के साथ असम्मानजनक व्यवहार एवं अनावश्यक विलंब की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही हैं, जिससे न्यायिक व्यवस्था की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। एसोसिएशन ने प्रशासन से मांग की कि तहसील रॉबर्ट्सगंज में न्यायिक एवं राजस्व कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए, प्रत्येक पक्ष को निष्पक्ष सुनवाई का अवसर प्रदान किया जाए तथा भ्रष्टाचार एवं मनमानी पर तत्काल प्रभावी अंकुश लगाया जाए डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो अधिवक्ता समुदाय जनहित एवं न्यायहित में लोकतांत्रिक तरीके से व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से अधिवक्ता कामता प्रसाद यादव, राजेश यादव, पवन कुमार सिंह, सुरेश सिंह कुशवाहा, टीटू प्रसाद गुप्ता, आदर्श देव पांडेय, राजकुमार सिंह, संतोष कुमार यादव, शाहनवाज आलम खान, रविंद्र पटेल, राकेश सिंह पटेल, रोशन खान आदि लोग शामिल रहे।

# बिना बुलाए सती पहुंची अपने पिता दक्ष के यज्ञ मे : राजेंदर पराशर

अमन लेखनी समाचार



कुरुक्षेत्र। श्री स्थाणु सेवा मण्डल के सहयोग से महंत प्रभात पुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मे शिव महापुराण कथा के पांचवे दिन पर व्यास पीठ पर विराजमान कथा वाचक पंडित राजेंदर पराशर आज बताया की जब राजा दक्ष ने शिव विहीन यज्ञ करने का निर्णय लिया और शिव व माता सती को यज्ञ मे नहीं बुलाया गया लेकिन सती फिर भी अपने पिता के यज्ञ मे जाने लगी तब शिव ने कहा हे सती बिना बुलाये कही भी नहीं जाना चाहिए ! आवत हिये हर्षिय नहीं, नैन्न नहीं स्नेह, तुलसी वंहा ना जाइये, कंचन बारशे मेह परन्तु सती फिर भी यज्ञ मे गई ! वहां उसके पिता ने उसका अपमान किया तेरा यंहा क्या काम तु यंहा बिना बुलाये क्यों आई ! सती अपना अपमान सह कर कुछ नहीं बोली परन्तु जब उसने देखा सभी देवताओं के आशन है परन्तु उसके पति शिव का आशन वंहा नहीं था इससे माता सती क्रोधित हो गई ! जब से कथा शुरू हुई तब से संतो का आगमन चल रहा है कथा स्थल हो और संतो का आगमन हो तो सोने पर सुहागा होता है ! आज श्री महंत बंशी पुरी महाराज, महामंडलश्वर विधा गिरी महाराज, महंत लक्ष्मीनारायण पुरी महाराज व अन्य संतो ने कथा स्थल पर पहुंच कर भगतो को आशीर्वाद दिया ! श्री महंत बंशी पुरी महाराज ने अपने सम्बोधन मे कहा शिवजी के शरण आने पर एक दूसरे के शत्रु भी मित्रवत रहते है जैसे शेर, बैल, सांप, चूहा, मोर, जो की एक दूसरे के शत्रु है परन्तु उनके सानिध्य मे मित्रवत रहते है महामंडलेश्वर स्वामी विद्या गिरी महाराज न कहा शिव बाबा बड़े भोले है अगर किसी के पास कुछ भी नहीं है तो केवल उनके पास जा कर ₹हे बाबा मेरे पास देने के लिए कुछ भी नहीं है मै माँ गंगोत्री से जल ला कर चढ़ा दूंगा ₹ कह देने से भी बाबा प्रशन्न हो जाते है ! आज के मुख्य अतिथि किसी परिचय की मोहताज नहीं शालिनी शर्मा, राज कुमारी शर्मा, व एडवोकेट आलोक शर्मा रहे ! आज का प्रशाद अशोक आश्री परिवार ने दिया ! कथा मे सतीश शर्मा, सुनील सचदेवा, रमेश सचदेवा, अनिल पोपली, प्रवीण गुप्ता नानक चंद गल्होत्रा, सोहन लाल सैनी, अशोक आश्री, महिला मानस प्रचार मण्डल सदस्य व महंत प्रभात पुरी स्कूल के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे !

# मालो घाट टोल प्लाजा के पास अनियंत्रित होकर पलटा कोयला लदा ट्रेलर, बड़ा हादसा टला



अमन लेखनी समाचार

डाला (सोनभद्र)। चोपन थाना क्षेत्र के अंतर्गत शनिवार की शाम मालो घाट टोल प्लाजा से करीब 500 मीटर पहले गुरमुरा की ओर एक कोयला लदा ट्रेलर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए पलट गया। हादसे में ट्रेलर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें लदा कोयला सड़क पर बिखर गया। हालांकि, गनीमत रही कि चालक सुरक्षित बच गया और कोई जनहानि नहीं हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार को लगभग पौने चार बजे एक ट्रेलर कोयला लादकर अनपरा की ओर से आ रहा था। जैसे ही वाहन मालो घाट टोल प्लाजा से करीब 500 मीटर पहले गुरमुरा की तरफ पहुंचा, तभी अज्ञात कारणों से चालक का वाहन पर नियंत्रण बिगड़ गया। अनियंत्रित ट्रेलर पहले डिवाइडर से टकराया और फिर सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद ट्रेलर में लदा कोयला सड़क पर बिखर गया, जिससे कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ। दुर्घटना में ट्रेलर चालक जाफर खान पुत्र अहियान खान, निवासी चकरघट्टा, जनपद चंदौली बाल-बाल बच गया। चालक को मामूली चोटें आईं और वह सुरक्षित बताया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों और राहगीरों की भीड़ मौके पर जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने तत्काल डायल-112 पुलिस को सूचना दी।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

